# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, गुरुवार 15 मई 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 76 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


### सीएम योगी ने तिरंगा लेकर किया यात्रा का नेतृत्व...

## पाकिस्तान को सुनाई खरी-खरी बोले- ये खुद खत्म हो जाएगा

लखनऊ। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का लेकर यूपी में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हो गया। इस मौके पर सीएम योगी ने तिरंगा लेकर खुद यात्रा का नेतृत्व किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को सलामी देने के लिए बुधवार को अपने सरकारी आवास से भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को रवाना किया। सीएम योगी ने हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व किया।

उन्होंने प्रदेशवासियों की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जवानों, पूर्व सैनिकों और नौजवानों का अभिनंदन किया। सीएम ने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रीय संकट के समय धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होती है। इस माहौल में जवानों के कारण भारत ने पाकिस्तान के हौसले पस्त किए। दुनिया ने पाकिस्तान व उसके आकाओं के बेशर्मी भरे उस चेहरे को भी देखा, जिसमें आतंकियों के जनाजे में वहां के नेता व सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए। यह चीजें दिखाती हैं कि पाकिस्तान विफल राष्ट्र है और 70-75 वर्षों में उसने केवल आतंकवाद के बीज बोए हैं। पाकिस्तान ने अपनी विफलता की कहानी ही दुनिया को बताई है।

आतंकवाद को दिए जा रहे प्रश्रय इस बात को साबित करते हैं कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को भी निगल देगा। खोखला हो चुका पाकिस्तान आज जिस प्रकार का दुस्साहस कर रहा है, ऑपरेशन सिंदूर उसका जवाब था। आने वाले समय में यह तय है कि भारत की तरफ जो भी अंगुली उठाएगा और बहन-बेटियों के सम्मान के विरुद्ध सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य करेगा, उसके जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं मिलेगा।

सीएम योगी ने कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में वीभत्स व बर्बर घटना को अंजाम दिया था, जिसकी निंदा देश-दुनिया ने की थी लेकिन आतंकवाद का पोषक पाकिस्तान व उसके आका मौन रहे। भारत के आन-मान-शान की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हमारी सरकार ने सारे प्रमाण दिए, उसके बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो अंततः 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया गया।

शेष पेज 2 पर

### कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए बयान पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

## मंत्री विजय शाह पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

भोपाल । मंत्री विजय शाह के विवादित बयान पर मप्र हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। बयान को लेकर सोशल मीडिया पर विरोध हुआ। हालांकि शाह ने माफी मांगते हुए कहा कि उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया और वे कर्नल सोफिया का सम्मान करते हैं।

मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए विवादित बयान पर अब मप्र हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि मंत्री पहले ही मामले को लेकर माफी मांग चुके हैं।



क्या था बयान- दरअसल, मोहन सरकार के मंत्री विजय शाह ने मानपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान दे डाला था। इसका कांग्रेस ने विरोध किया है और मंत्री को पद से हटाने की मांग कर डाली। मानपुर में आयोजित हलमा कार्यक्रम में मंत्री शाह ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा, जिन आंतकियों ने पहलगाम में लोगों को मारा, उनके कपड़े उतरवाए, उन आंतकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा।

मंत्री शाह ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हीं की बहन को भेजकर उनकी ऐसी-तैसी करवाई। बयान को लेकर जब राजनीति गरमा गई तो उन्होंने कहा कि हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ने वाले वालों को हमने उन्हीं की भाषा में जवाब दिया है। उनके भाषण को अलग संदर्भ में नहीं देखना चाहिए। वो हमारी बहनें हैं। उन्होंने पूरी ताकत से सेना के साथ मिलकर काम किया है।

शेष पेज 2 पर

## जेवर एयरपोर्ट के पास बनेगी सेमीकंडक्टर यूनिट, 3,706 करोड़ रुपये का होगा निवेश, कैबिनेट की मंजूरी



नई दिल्ली। वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश के जेवर में भारत की छठी सेमीकंडक्टर इकाई को मंजूरी दे दी है। भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत अब तक 5 सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी जा चुकी है और वहां तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। एक इकाई में इसी साल उत्पादन शुरू हो जाएगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश में एचसीएल-फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम सेमीकंडक्टर संयंत्र की स्थापना को मंजूरी दी। इसपर 3,706 करोड़ रुपये का निवेश होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बात की जानकारी दी। वैष्णव ने कहा कि एचसीएल-फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर संयंत्र में मोबाइल फोन, लैपटॉप, वाहन, अन्य उपकरणों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप का विनिर्माण होगा। एचसीएल-फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर संयंत्र में प्रति माह 20,000 वेफर्स का विनिर्माण होगा।

शेष पेज 2 पर

## 'बलूचिस्तान नहीं है पाकिस्तान' बलूच नेता ने किया आजादी का एलान

### ' भारत और विश्वभर से मांगा समर्थन

बलूचिस्तान । बलूचिस्तान लगातार पाकिस्तान से आजादी की मांग कर रहा है। बलूच नेता मीर यार बलूच ने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान के लोगों ने अपना फैसला दे दिया है। बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं है। अब दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए।

बलूचिस्तान ने पाकिस्तान से आजाद होने का एलान किया है। बलूच नेता मीर यार बलूच ने बुधवार को राज्य में दशकों से हो रही हिंसा, जबरन गायब किए जाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन को लेकर पाकिस्तान से स्वतंत्रता का एलान किया। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं हैं। उन्होंने भारत और वैश्विक समुदाय से आजादी के लिए समर्थन देने की मांग की।



उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान के लोगों ने अपना फैसला दे दिया है। अब दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान के लोग सड़कों पर हैं। उनका कहना है कि तुम मारोगे हम टूटेंगे, हम नाक बचाएंगे आओ हमारा साथ दो। बलूच लोगों का राष्ट्रीय फैसला है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं है और दुनिया अब मूक दर्शक नहीं रह सकती। उन्होंने भारतीय नागरिकों ने अपील की कि वे बलूचों को पाकिस्तान के अपने लोग न कहें। हम पाकिस्तानी नहीं हैं। हम बलूचिस्तानी हैं। पाकिस्तान के अपने लोग पंजाबी हैं। जिन्होंने कभी हवाई बमबारी, जबरन गायब किए जाने और नरसंहार का सामना नहीं किया।

बलूच नेता मीर यार बलूच ने भारत के पाकिस्तान से पीओके खाली करने की कहने के फैसले का समर्थन किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान भारत द्वारा 14 मई 2025 को पाकिस्तान से पीओके खाली करने के लिए कहने के फैसले का पूरा समर्थन करता है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान से तुरंत पीओके छोड़ने का आग्रह करना चाहिए ताकि ढाका में उसके 93000 सैन्यकर्मियों को आत्मसमर्पण के एक और अपमान से बचाया जा सके। भारत पाकिस्तानी सेना को हराने में सक्षम है और अगर पाकिस्तान ने कोई ध्यान नहीं दिया तो केवल पाकिस्तानी लालची सेना के जनरलों को ही रक्तपात के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए क्योंकि पाकिस्तान पीओके के लोगों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।

शेष पेज 2 पर

## इलाहाबाद हाईकोर्ट में राहुल गांधी की नागरिकता रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज की



लखनऊ। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर दायर की गई एक याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने रद्द कर दिया है। याचिकाकर्ता ने सुनवाई हो जाने तक राहुल गांधी के विदेश यात्रा पर रोक लगाने की मांग की थी।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता के संबंध में दायर एक नई याचिका को खारिज कर दिया है। याचिकाकर्ता ने इसे वापस लेने की मांग की थी। हालांकि, अदालत ने याचिकाकर्ता को पहले निपटाए गए मामले के खिलाफ समीक्षा याचिका दायर करने की स्वतंत्रता दी है। कर्नाटक के याचिकाकर्ता एस विग्नेश शिशिर ने मामले में नए साक्ष्य पेश करने का दावा करते हुए नई याचिका दायर की थी। उन्होंने अदालत से यह भी अनुरोध किया था कि जब तक याचिका पर सुनवाई हो रही है तब तक राहुल गांधी की किसी भी विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि इसी तरह की एक याचिका का 5 मई को ही निपटारा हो चुका है इसलिए याचिकाकर्ता आदेश के खिलाफ समीक्षा याचिका दायर कर सकते हैं। जिसके बाद अदालत ने याचिका को वापस ले लिया गया मानते हुए खारिज कर दिया। 5 मई को अदालत ने शिशिर की मूल याचिका का निपटारा कर दिया था और उन्हें अन्य कानूनी उपाय तलाशने की अनुमति दी थी।

## डॉ. विक्रम राव का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

लखनऊ। वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय के.विक्रम राव का आज यहां भैंसाकुंड पर राजकीय सम्मान ( गॉड ऑफ ऑनर) के साथ अन्तिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सहित बड़ी संख्या में राजनेता, अधिकारी और पत्रकार मौजूद थे।

बैकुण्ठ धाम पर उनके पार्थिव शरीर को बड़े बेटे सुदेव राव ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस की एक टुकड़ी ने गार्ड आफ आनर दिया।



इससे पूर्व पार्थिव शरीर को दर्शन के लिए यू.पी. प्रेस क्लब में रखा गया, जहां उनकी पत्नी डॉ. सुधा राव, बेटी विनीता राव और छोटे बेटे विश्वदेव राव तथा बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद थे। यू.पी. वर्किंग जनर्लिस्ट्स यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी, लखनऊ मण्डल अध्यक्ष शिव शरण सिंह और यू.पी. प्रेस क्लब के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार सिंह ने पत्रकार संगठनों की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इसके अलावा शोक व्यक्त करने वालों में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी , केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद , मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव , मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला

शेष पेज 2 पर

### एयर डिफेंस सिस्टम | क्या है भारत की हवाई रक्षा ढाल, कैसे नाकाम किए पाकिस्तान

## कैसे नाकाम किए पाकिस्तान के सारे वार, कितने वर्षों में हुई तैयार ?

**नई दिल्ली।** भारत को दुश्मन के लगभग हर वार से बचाने वाले इस एयर डिफेंस सिस्टम का निर्माण कैसे हुआ? यह प्रणाली कौन-कौन से हथियार और उपकरणों के जरिए खुद को अभेद्य बनाती है? भारत की वायुसेना और सेना की हवाई रक्षा प्रणाली सम्मिलित तौर पर कैसे काम करती है? साथ ही इसका भविष्य क्या है? आइये जानते हैं...

भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने 7 मई से लेकर 10 मई के बीच जब-जब एलओसी के पार हमला करने की कोशिश की, तब-तब भारत की हवाई रक्षा प्रणाली ने उसके वारों को न सिर्फ नाकाम किया, बल्कि उसके हथियारों को तबाह भी कर दिया। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम की दुश्मन को मुहंतोड़ जवाब देने की यह क्षमता पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बनी है और इसकी तुलना अमेरिका और इस्राइल जैसे देशों के एयर डिफेंस सिस्टम से होने लगी है।



ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर भारत को दुश्मन के लगभग हर वार से बचाने वाले इस एयर डिफेंस सिस्टम का निर्माण कैसे हुआ? यह प्रणाली कौन-कौन से हथियार और उपकरणों के जरिए खुद को अभेद्य बनाती है? भारत की वायुसेना और सेना की हवाई रक्षा प्रणाली सम्मिलित तौर पर कैसे काम करती है? साथ ही इसका भविष्य क्या है? आइये जानते हैं...

पहले जानें- अचानक चर्चा में क्यों है भारत की हवाई रक्षा शील्ड?

ऑपरेशन सिंदूर पर मीडिया ब्रीफिंग के दौरान भारतीय सेना के अफसरों ने पीछे लगी स्क्रीन पर भारत के इंटीग्रेटेड एयर कमांड और कंट्रोल सिस्टम (IACCS) की झलक दिखाई। डीजीएमओ की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अधिकारियों ने कहा कि भारत की हवाई रक्षा प्रणाली इस तरह की है कि अगर दुश्मन किसी एक परत से बच भी जाता है तो अगली परत उसे छोड़नी नहीं है।

इसके बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब में स्थित आदमपुर बेस पहुंचे, जहां उनके पीछे एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम को बिल्कुल ठीक स्थिति में दिखाया गया।

शेष पेज 2 पर

### भारत ने तुर्किये को दिया एक और झटका

# अब जेएनयू ने तुर्किये के विश्वविद्यालय के साथ समझौता किया रद्द

एनपीटी ब्यूरो

दिल्ली-राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से, जेएनयू और तुर्किये के इनोनू विश्वविद्यालय के बीच समझौता अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकवादियों के खिलाफ भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में तुर्किये ने पाकिस्तान को मदद की। जिसके बाद भारत में इसको लेकर आक्रोश है। इसी क्रम में भारत के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने तुर्किये विश्वविद्यालय के साथ समझौता रद्द कर दिया है, क्योंकि तुर्किये ने भारत पर हमला करने के लिए पाकिस्तान को रक्षा उपकरण मुहैया कराए थे। राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से, जेएनयू और तुर्किये के इनोनू विश्वविद्यालय के बीच समझौता अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है।



**तीन साल के लिए किया गया था समझौता**

एमओयू पर 3 फरवरी को तीन साल की अवधि के लिए हस्ताक्षर किए गए थे। जेएनयू के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ₹हमने तुर्किये के इनोनू विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन को निलंबित कर दिया है। समझौते के तहत, अन्य बातों के अलावा, संकाय विनिमय और छात्र विनिमय कार्यक्रमों की योजना थी।₹ तुर्किये के मालट्या में स्थित इनोनू विश्वविद्यालय ने क्रॉस-कल्चरल रिसर्च और छात्र सहयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत जेएनयू के साथ अकादमिक साझेदारी की थी।

**गाजियाबाद के फल व्यापारियों ने भी तुर्किये को दी आर्थिक चोट**

उधर, भारत के साथ हालिया तनाव के बीच तुर्किये द्वारा पाकिस्तान को समर्थन दिए जाने के बाद गाजियाबाद के साहिबाबाद फल मंडी के फल व्यापारियों ने बड़ा फैसला लिया है। फल मंडी के संगठन ने कहा कि तुर्किये से सेब और अन्य उत्पादों के आयात का बहिष्कार किया जा रहा है। साहिबाबाद फल मंडी के एक फल व्यापारी ने कहा कि मीडिया के माध्यम से पता चला कि तुर्किये ने पाकिस्तान का समर्थन किया था। तुर्किये से हमारे सेब का करीब 1200 से 1400 करोड़ का व्यापार होता है। अगर तुर्किये ने पाकिस्तान का समर्थन किया है। मतलब इन्होंने आतंकवाद का समर्थन किया है। हमने तुर्किये से अपने व्यापारिक संबंध तोड़ने का फैसला किया है।

# पीओके का छोड़ा मौका, मोदी का देश को धोखा', सीजफायर पर आम आदमी ने सरकार को घेरा

एनपीटी ब्यूरो

नई दिल्ली । पाकिस्तान के साथ सीजफायर पर बनी सहमति को लेकर विपक्ष अब सरकार को घेरने में लगा है। आम आदमी पार्टी ने सीजफायर की घोषणा पर सवाल उठाए हैं। आज दिल्ली में आप कार्यकताओं ने बैनर लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले सैन्य टकराव के बाद दोनों देशों के बीच सीजफायर पर सहमति बनी। सीजफायर की घोषणा के बाद मोदी सरकार विपक्ष के निशाने पर है। विपक्ष लगातार सीजफायर को लेकर भाजपा सरकार को घेरने में लगा है। आम आदमी पार्टी ने इसे लेकर कड़े सवाल खड़े किए हैं। दिल्ली में आप कार्यकताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

दिल्ली में आप कार्यकताओं ने ओखला में मोदी फ्लोर मिल्स के पास फुटओवर ब्रिज पर प्रदर्शन किया। बैनर लेकर आप कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की। बैनर पर लिखा है, पीओके का छोड़ा मौका, मोदी का देश का धोखा।

रविवार को राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा की। यह भारत की संप्रभुता पर कड़ा प्रहार है, जबकि भारतीय सेना के पास पीओके को कब्जाने और बलूचिस्तान को अलग करने का बड़ा अवसर था।

उन्होंने कहा कि 78 साल से पाकिस्तान के मामले में भारत ने कभी तीसरे देश की मध्यस्थता नहीं स्वीकार की, तो फिर आज अमेरिका कहां से आ गया। भारत अपने फैसले लेने में सक्षम है। हमारी संप्रभुता, स्वाभिमान और सम्मान से खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाकर पूरी घटना की जानकारी दी। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत की। सेना ने पराक्रम, शौर्य और बहादुरी का परिचय देते हुए पाकिस्तान में घुसकर नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य एवं बहादुरी को नमन करता है। हमारी सेना के जवान शहादत देकर हर हमले का मुकाबला कर रहे थे।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने 7 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। जिसमें कई कुख्यात आतंकी भी मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच हालात बिगड़े और दो दशक बाद चरम पर पहुंच गए। वहीं पाकिस्तान की तरफ से भारत के शहरों को निशाना बनाए जाने के बाद, भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने सभी को नाकाम करते हुए उसका माकूल जवाब दिया। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के 14 सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर दिए। इससे घबराए पाकिस्तान ने 10 मई को भारत के सामने सीजफायर का प्रस्ताव रखा, जिसे दोनों देशों ने आपसी चर्चा के बाद लागू कर लिया। हालांकि, इसके कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तान की तरफ से इसका उल्लंघन किया गया, जिसका भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया।

## पेज एक का शेष...

### पाकिस्तान को सुनाई खरी-खरी बोले- ये खुद खत्म हो जाएगा

पहले ही दिन 100 से अधिक आतंकियों व प्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद के विषबेल को पालने-पोसने में योगदान देने वाले उनके परिवार से जुड़े लोगों को वीभत्स कृत्य की सजा दी गई। सभी ने भारतीय सेना के पराक्रम व शौर्य का लोहा माना। पाकिस्तान की हिमाकत का थल, वायु व नौसेना के बहादुर जवानों ने मजबूती से जवाब दिया और दुनिया को भी संदेश दिया कि हम छेड़ेंगे नहीं, लेकिन छेड़ने वालों को छोड़ेंगे नहीं।

तिरंगा भारत के आन, मान-शान तथा शौर्य-पराक्रम का प्रतीक- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जवानों के सम्मान में भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा प्रारंभ की गई है। यह तिरंगा भारत के आन, मान-शान तथा शौर्य-पराक्रम का प्रतीक है। तिरंगा के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने, सैनिकों को सर्वोच्च सम्मान देने व पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए यूपी में आज से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हो रहा है। भीषण गर्मी के बावजूद इतनी सुबह आपकी उपस्थिति भारतीय सेना के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति का सुंदर उदाहरण है। यही धैर्य व समर्पण का भाव भारतीय नागरिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैनिकों व देश की सरकार के प्रति व्यक्त किया।

सीएम योगी बोले, हमारा ध्येय राष्ट्र प्रथम होना चाहिए-मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी का पहले दिन से ही संकल्प रहा है कि जब हम नए और विकसित भारत की बात करते हैं तो हमारा ध्येय राष्ट्र प्रथम होना चाहिए। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए आवश्यक है कि हम राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ काम करें। जब राष्ट्र प्रथम का भाव 140 करोड़ भारतीयों की प्राथमिकता होगी तो अपने-अपने क्षेत्र में कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए हर भारतवासी लगेगा, फिर दुनिया की कोई ताकत भारत के सामने टिक नहीं पाएगी। सीएम ने पीएम मोदी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने पूरे देश को एकजुट रखा और पंजाब के आदमपुर में जाकर बहादुर जवानों के हौसलों को बढ़ाया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, खेल मंत्री गिरीश यादव, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, राज्यसभा सांसद बृजलाल, संजय सेठ, विधायक पंकज सिंह, जय देवी, नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, योगेश शुक्ला, विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता, मुकेश शर्मा, उमेश द्विवेदी, अवनीश सिंह पटेल, पवन सिंह चौहान, लालजी प्रसाद निर्मल, भाजपा के जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि मौजूद रहे। संचालन विधान परिषद सदस्य गोविंद नारायण शुक्ल ने किया।

### 'बलूचिस्तान नहीं है पाकिस्तान' बलूच नेता ने किया आजादी का एलान

बलूच नेता मीर यार बलूच ने भारत के पाकिस्तान से पीओके खाली करने की कहने के फैसले का समर्थन किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान भारत द्वारा 14 मई 2025 को पाकिस्तान से पीओके खाली करने के लिए कहने के फैसले का पूरा समर्थन करता है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान से तुरंत पीओके छोड़ने का आग्रह करना चाहिए ताकि ढाका में उसके 93000 सैन्यकर्मियों को आत्मसमर्पण के एक और अपमान से बचाया जा सके। भारत पाकिस्तानी सेना को हराने में सक्षम है और अगर पाकिस्तान ने कोई ध्यान नहीं दिया तो केवल पाकिस्तानी लालची सेना के जनरलों को ही रक्तपात के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए क्योंकि पाकिस्तान पीओके के लोगों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।

मीर यार बलूच ने कहा कि दुनिया को पाकिस्तान के एकतरफा बयान पर भरोसा नहीं करना चाहिए। पाकिस्तान बलूचिस्तान के नेता के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर और 27 मार्च 1948 को बलूचिस्तान के पाकिस्तान में शामिल होने के समारोह में अंतरराष्ट्रीय या तीसरे देश की भागीदारी को साबित करने वाला एक भी कागज और कानूनी दस्तावेज पेश नहीं कर सका।

उन्होंने कहा कि एक बार जब हमें संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता और स्वतंत्रता मिल जाएगी तो हम अपने आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए मैत्रीपूर्ण और दीर्घकालिक संबंध बनाएंगे, शांति बनाए रखेंगे और वैश्विक आर्थिक मंदी को रोकने, जलवायु परिवर्तन और गरीबी उन्मूलन के लिए काम करने में मदद करेंगे।

### कैसे नाकाम किए पाकिस्तान के सारे वार, कितने वर्षों में हुई तैयार?

यह पाकिस्तान के उन दावों को झुठलाने का सबूत बना, जिसमें दुश्मन सेना ने कहा था कि उसने भारत के आदमपुर बेस को नुकसान पहुंचाया और वहां एस-400 बैटरी को तबाह कर दिया। इसके बाद से ही भारत के आईएसीसीएस की चर्चा पूरी दुनिया में होने लगी है।

भारत में कैसे शुरू हुई एकीकृत रक्षा ग्रिड बनाने की तैयारी?

1. 1999-भारत में इस तरह की रक्षा ग्रिड बनाने की तैयारी 1999 के करगिल संघर्ष के बाद हुई थी। दरअसल, इस दौरान यह साफ हो चुका था कि भारत को एक केंद्रीकृत और तकनीकी तौर पर बेहतर व्यवस्था की जरूरत है, जो कि अपने हवाई क्षेत्र और जमीनी क्षेत्र के अभियानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सके। इसके बाद भारत ने अपनी सैन्य संचार प्रणाली को बेहतर करने की ठानी।

2. 2003-इसी फैसले के मद्देनजर 2003 में आईएसीसीएस निदेशालय की स्थापना हुई और देशभर में एयर कमांड और कंट्रोल केंद्रों के डिजिटलीकरण की शुरूआत हुई।

एक और वार से नेस्तनाबूद हो जाता पाकिस्तानः ऑस्ट्रियाई रक्षा विशेषज्ञ ने भारत को करार दिया विजेता, बताईं वजहें

3. 2010-आईएसीसीएस ढांचे के निर्माण में एक अहम कदम इसी साल आया, जब वायुसेना के अपने नेटवर्क (एएफएनईटी) की लॉन्चिंग हुई। इसके तहत भारत ने 1950 से ही वायुसेना उपकरणों और हथियारों की कनेक्टिविटी के लिए इस्तेमाल होने वाले ट्रोपोस्कैटर सिस्टम्स (ळ१ङ्क्ष्रङ्कर्२३ी१ र८२३ी) को बदला और खुद का डिजिटल संचार ग्रिड स्थापित किया।

AFNET ने भारतीय वायुसेना के दो कामों को आसान किया। पहला- इसने रक्षा संचार को आधुनिक बनाया और इसके अलावा राष्ट्रीय दूरसंचार ढांचे को बदलने में भी योगदान दिया। इस तकनीक की खूबियों को पेश करने के लिए पंजाब के एक एयरबेस में दो मिग-29 एयरक्राफ्ट्स के लक्ष्य भेदने के अभ्यास का लाइव प्रसारण किया गया। इसके बाद क्अउउर का पूरा फ्रेमवर्क, जिसमें हथियारों और उपकरणों को डिजिटल माध्यमों से जोड़ना था, उसे अलग-अलग चरणों में लागू किया गया।

भारत कैसे करता है अपने हवाई क्षेत्र की रक्षा?

डीजीएमओ स्तर की प्रेस वार्ता में भारत की रक्षा ग्रिड का पूरा ब्योरा पेश किया गया। इसमें भारत के रक्षा ढांचे की एक-एक परत की जानकारी दी गई और बताया गया कि किस ऊंचाई और रेंज पर कौन सी परत सक्रिय होती है।

1. बाहरी परत- दुश्मन देश के किसी भी वार को नाकाम करने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी इसी परत में लगे हथियारों की होती है। भारत इस परत में घुसने वाले दुश्मनों के हथियारों और उपकरणों से निपटने के लिए लंबी दूरी तक मार करने वाले प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करता है। उदाहरण के तौर पर एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम, जिसकी रेंज सामान्यतः 300 किलोमीटर तक है। इसके अलावा युद्ध के लिए तैयार लड़ाकू विमानों को भी इसी लेयर में तैनात किया जाता है, ताकि दुश्मन के हमलों को अंदर की परतों में जाने से रोका जा सके।

3. अंदरूनी परत- यह परत आमतौर पर तब सक्रिय होती है, जब बाहर की सारी परतों से दुश्मन के हथियार नष्ट नहीं कर पातीं और कुछ-एक हथियारों के अंदरूनी स्थानों को निशाना बनाने की संभावना बन जाती है। हालांकि, भारत ने इस परत में भी कम ऊंचाई तक मार करने वाली तोपें, बंदूकें, जेडएसयू-23 शिल्का, मैनपैड्स ड्रोन्स, आदि तैनात किए हैं। इनमें सबसे खतरनाक है एल-70 गन्स, जिनका अचूक निशाना किसी भी हथियार को मार गिरा सकता है।

थलसेना का आकाशतीर भी करता है रक्षा में मदद-वायुसेना की तरह ही भारतीय थलसेना की भी हवाई रक्षा नियंत्रण प्रणाली है। इसका नाम आकाशतीर दिया गया है। आकाशतीर का निर्माण भी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की तरफ से किया गया है। 2023 में भारत के रक्षा मंत्रालय ने इसका कॉन्ट्रैक्ट सौंपा था।

आकाशतीर का मुख्य काम हवाई क्षेत्र में नीचे उड़ान भर रहे हथियारों की निगरानी करना और वायुसेना के सिस्टम से समन्वय बिठाकर उन्हें हवा में ही खत्म करना है। फिलहाल इसे क्अउउर के साथ जोड़ने का काम किया जा रहा है।

### सोफिया कुरैशी पर दिए बयान पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान, मंत्री विजय शाह पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

कोर्ट ने क्या कहा-हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने मंत्री के विवादित बयान को संज्ञान में लेते हुए याचिका के रूप में सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ चार घंटे में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। युगलपीठ ने पुलिस विभाग को शाम 6 बजे तक एफआईआर करने के निर्देश दिए हैं। युगलपीठ ने मामले की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में करते हुए उक्त आदेश जारी किये। युगलपीठ ने मंत्री के खिलाफ बीएनएस की धारा 196 तथा 197 के तहत प्रकरण दर्ज करने के आदेश जारी किए हैं। याचिका में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को अनावेदक बनाया गया है। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि एफआईआर दर्ज किए जाने के संबंध में न्यायालय को अवगत कराया जाए। याचिका पर अगली सुनवाई गुरुवार की सुबह 10.30 बजे निर्धारित की गई है।

पटवारी ने दर्ज कराई एफआईआर- मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि हमने मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि वह सशस्त्र बलों की वीरता को सलाम करते हैं, और उन्होंने यह भी कहा कि पूरा देश इस कठिन समय में सशस्त्र बलों के समर्थन में खड़ा है... मध्य प्रदेश के एक मंत्री ने सेना के अधिकारियों और बहनों का अपमान किया... इस पर भाजपा चुप क्यों है? अगर उन्हें 24 घंटे के भीतर बर्खास्त नहीं किया गया, तो हम देश के सभी पुलिस थानों में कुंवर विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएंगे।

सियासत गर्माई-विवादित बयान सामने आने के बाद कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दल हमलावर हैं। मंत्री विजय शाह के इस्तीफे की मांग तक की जा रही है। पुतले जलाए जा रहे हैं। उन पर कार्रवाई की मांग तेज हो रही है। इधर भाजपा संगठन ने भी सख्त नाराजगी जताई है। पार्टी आलाकमान ने तत्काल उन्हें भोपाल स्थित प्रदेश मुख्यालय तलब किया। संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा और बाद में प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा से मुलाकात कर शाह ने सफाई दी और खेद जताया। मीडिया से बातचीत में विजय शाह ने कहा कि उनका इरादा किसी का अपमान करने का नहीं था और यदि उनके बयान से किसी को ठेस पहुंची हो तो वे कई बार माफी मांगने को तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनका परिवार सैन्य परंपरा से जुड़ा रहा है।

'कुरैशी मेरे लिए सगी बहन'-मंत्री कुंवर विजय शाह ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी मेरे लिए सगी बहन से बढ़कर हैं, जिन्होंने उनका बदला लिया। मेरा किसी को ठेस पहुंचाने का न तो कोई इरादा था और न ही कोई इच्छा। अगर मेरी किसी बात से किसी को बुरा लगा हो, तो मैं दिल से माफी मांगता हूं। मंच से दिए गए अपने बयान पर उन्होंने भावनात्मक प्रतिक्रिया बताते हुए कहा कि यदि उनके शब्दों से किसी धर्म या व्यक्ति को ठेस पहुंची हो तो वह क्षमाप्रार्थी हैं। पार्टी की ओर से दी गई फटकार और विपक्ष के हमलों के बीच मंत्री शाह के इस बयान ने राजनीतिक हलचल तेज कर दी है।

उमंग सिंघार ने मुख्यमंत्री को घेरा- हाई कोर्ट जबलपुर ने मंत्री विजय शाह पर ऋक्रक्र दर्ज करने के आदेश दिए हैं, लेकिन मुख्यमंत्री जी पूरे घटनाक्रम को लेकर चुप हैं। जैसा उनका नाम है, 'मोहन' जैसे 'मौन' हैं। ऐसे मंत्री, जो सेना का अपमान कर रहे हैं, उनके बारे में आप चुप क्यों हैं मुख्यमंत्री जी? बताएं, मंत्री विजय शाह का इस्तीफा कब लिया जाएगा?

अब तो निर्णय लो : मसूद-विधायक आरिफ मसूद ने कहा प्रधानमंत्री जी और माननीय मुख्यमंत्री जी अब तो आप निर्णय ले लें सेना की एक महिला अधिकारी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने और इस तरह का बयान देने वाले मंत्री को आज मध्य प्रदेश की उच्च न्यायालय से जिस तरह का एक संदेश मिला है। सोमोटो लेकर कार्यवाही करने का डीजीपी को निर्देश दिया और आप अभी भी चुप हैं और वह मंत्रिमंडल में सदस्य हैं। मेहरबानी करिए कि न्यायपालिका आगे आकर दोबारा दूसरा निर्देश दें, उससे पहले आप सेना के सम्मान में निर्णय और ऐसे मंत्री को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें। न्यायपालिका को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिस ताकत से देश की जनता सेना पर विश्वामस करती है। उसी ताकत से देश की जनता न्यायपालिका पर विश्वास करती है और उसको विश्वारस होता है। न्यायपालिका ने यह कर्तव्य करके फिर दिखा दिया। देश की जनता को मैसेज दिया कि आप विश्वाास रखें देश की न्यायपालिका सारे लोगों के साथ इंसाफ देने ओर न्याय दिलाने के लिए खड़ी है।

### जेवर एयरपोर्ट के पास बनेगी सेमीकंडक्टर यूनिट, 3,706 करोड़ रुपये का होगा निवेश, कैबिनेट की मंजूरी

वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश के जेवर में भारत की छठी सेमीकंडक्टर इकाई को मंजूरी दे दी है। भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत अब तक 5 सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी जा चुकी है और वहां तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। एक इकाई में इसी साल उत्पादन शुरू हो जाएगा। इसी कड़ी में एक और अति-उन्नत इकाई है। यह एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की पहचान, हमारे सशस्त्र बलों की भूमिका और जो निर्णायक नेतृत्व रहा है और जो नया सिद्धांत बना है, उसका एक बहुत ही महत्वपूर्ण उदाहरण है। यह वास्तव में देश के लिए एक प्रशंसनीय बात है।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी शुरू से ही हमें इको-सिस्टम पर ध्यान देने के लिए कहते रहे हैं। गैस, रसायन के निमार्ता भारत में अपने प्लांट लगा रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर में भी विज्ञान और तकनीक का इस्तेमाल किया गया। तकनीक भारत को बहुत बड़ी ताकत देती है और भविष्य के लिए मजबूत नींव रखती है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये के ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं।

### डॉ. विक्रम राव का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, यूपी सरकार में मंत्री सुरेश खन्ना, नंद गोपाल नंदी , नितिन अग्रवाल, ट्रेड यूनियन नेता उमाशंकर मिश्रा, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, पूर्व मंत्री राजेन्द्र चौधरी, समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल , समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ के संयोजक राजपाल कश्यप, उत्तर प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित , उत्तर प्रदेश क्षत्रिय समन्वय समिति के संयोजक प्रदीप सिंह बब्बू, अपना दल के प्रवक्ता संजीव सिंह राठौड़ , एन.सी.पी. नेता सिराज मेंहदी, इंसराम अली, पत्रकार पुण्य प्रसून बाजपेई, हेमंत शर्मा,अमिताभ अग्निहोत्री , अवधेश कुमार, विधायक शलभ मणि त्रिपाठी , आरएलडी नेता अनिल दुबे , विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह , पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी , भाजपा प्रवक्ता एसएन सिंह, संपादक टाइम्स आफ इंडिया प्रवीण कुमार, संपादक हिंदुस्तान टाइम्स प्रियांशु मिश्रा आदि शामिल थे।

# ग्राम रोरी में फिर शुरू हुआ अवैध कॉलोनी निर्माण, प्रशासन की कार्रवाई पर उठे सवाल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**

मोदीनगर तहसील क्षेत्र अंतर्गत मंगल विहार तहसील से सटे ग्राम रोरी की कृषि भूमि पर दोबारा अवैध कॉलोनी निर्माण की गतिविधियां तेज हो गई हैं। खसरा नंबर 922, 923 और 924 की भूमि पर 'श्रीराम कुंज' नामक कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है, जिसे पहले 22 मार्च 2025 को अथॉरिटी द्वारा ध्वस्त कर दिया गया था।





शिकायतकर्ता लोकेश कुमार डोडी द्वारा उप जिलाधिकारी, मोदीनगर को प्रेषित एक पत्र में मांग की गई है कि अवैध तरीके से कराए गए बैनामों को निरस्त किया जाए तथा खसरा संख्या 922, 923 व 924 की कृषि भूमि पर हो रही अवैध कॉलोनी की प्लॉटिंग को तत्काल प्रभाव से रोका जाए।

शिकायत में यह भी मांग की गई है कि समस्त प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, जिससे भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दो महीने पहले जो अवैध कॉलोनियां जी.डी.ए द्वारा तोड़ी गई थीं, वे अब फिर से बननी शुरू हो गई हैं। इससे क्षेत्र में अव्यवस्थित शहरीकरण और किसानों की जमीनों के अवैध उपयोग को बढ़ावा मिल रहा है।

जनहित से जुड़े इस मामले ने प्रशासनिक स्तर पर भी हलचल मचा दी है, और स्थानीय नागरिकों में नाराजगी व्याप्त है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर प्रकरण पर क्या कार्रवाई करता है।

# वनस्थली पब्लिक स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा अग्रिमा जैन बनी जिला टॉपर

**एनपीटी ब्यूरो**



बागपत। सीबीएसई बोर्ड में वनस्थली पब्लिक स्कूल की कक्षा 12वीं (कॉमर्स) की छात्रा अग्रिमा जैन जिला टॉपर बनी है, इसको लेकर स्कूल में खुशी की लहर है।

अग्रिमा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर स्कूल के प्रबंधक हर्षित जैन एवं प्रधानाचार्य रणवीर सिंह ने मेधावी बिटिया अग्रिमा जैन को बधाई दी और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। हर्षित जैन ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल स्कूल बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि सभी को अग्रिमा जैन की इस कामयाबी से प्रेरणा लेनी चाहिए। अग्रिमा जैन ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता व स्कूल के अध्यापकों को दिया। कहा कि यदि उनका सहयोग मेरे साथ ना होता तो इतनी बड़ी कामयाबी हासिल करना मेरे लिए बहुत मुश्किल बात थी। रिजल्ट आने के बाद स्कूल के बच्चों ने जमकर जश्न मनाया और एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर बधाईया दी।

ग्राम रोरी में फिर शुरू हुआ अवैध कॉलोनी निर्माण, प्रशासन की कार्रवाई पर उठे सवाल

## सिरसली गांव दहला गोलियों की गूंज से - ग्राम प्रधान धर्मेंद्र पर जानलेवा हमला

सिरसली/बागपत-बागपत जिले के सिरसली गांव की शाम उस वक्त मातम में बदल गई, जब गांव के टैम्पू स्टैंड पर बैठकर ग्रामीणों संग ताश खेल रहे ग्राम प्रधान धर्मेंद्र पर अज्ञात हमलावरों ने अचानक अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। घटना बुधवार शाम करीब 5 बजे की है, जब गांव की गलियों में आम दिनों की तरह चहल-पहल थी, बच्चे खेल रहे थे, बुजुर्ग चौपाल पर बैठे थे और टैम्पू स्टैंड पर ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुछ ग्रामीणों के साथ हल्की-फुल्की बातचीत के बीच ताश खेल रहे थे।

लेकिन किसी को क्या पता था कि अगले ही पल सिरसली गांव की फिजा गोलियों की आवाज से कांप उठेगी। दो बाइक सवार बदमाशों ने पास आकर बिना किसी चेतावनी के फायरिंग शुरू कर दी। गोलियों की बौछार में ग्राम प्रधान धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। एक गोली उनके सीने के पास लगी, जिससे वो वहीं गिर पड़े। मौके पर मौजूद एक अन्य ग्रामीण भी गोली लगने से घायल हो गया।

फायरिंग की आवाज सुनकर गांव में अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोग जान बचाकर इधर-उधर भागे, तो कुछ ने घायल प्रधान को उठाकर मदद के लिए दौड़ लगाई। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार प्रधान की हालत नाजुक बनी हुई है।

गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। खुद उच्चाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे, हालात का जायजा लिया और ग्रामीणों से बातचीत की। फिलहाल पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कई टीमें गठित कर जांच शुरू कर दी है।



गांव के बुजुर्ग रामस्वरूप ने आंखों में आंसू भरकर कहा, धर्मेंद्र हमारा बेटा जैसा है, वो गांव की भलाई के लिए हमेशा आगे रहा, किसी से दुश्मनी नहीं थी उसकीङ्ख फिर भी ऐसा क्यों हुआ?

गांव की महिलाएं सहमी हुई हैं, बच्चे डरे-सहमे हैं। सिरसली गांव की सन्नाटे में डूबी गलियां

# परिवार परामर्श केंद्र की सफलता बाराबंकी में दो दंपतियों के बीच सुलह, पारिवारिक विवाद सुलझा।



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बाराबंकी । महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन ने दो पारिवारिक विवादों का सफल समाधान किया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में यह कार्यवाही की गई।

परिवार परामर्श केंद्र की प्रभारी निरीक्षक रत्ना कुमारी ने इस मामले को संभाला। उन्होंने दोनों दंपतियों के बीच मध्यस्थता की। काउंसलिंग के माध्यम से दोनों पक्षों को एक साथ बैठाकर उनकी समस्याओं को सुना गया।

दोनों मामलों में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद को सुलझाने में सफलता मिली। दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया। यह कार्रवाई वैवाहिक विवादों के त्वरित निस्तारण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

# पैरामाउंट पब्लिक स्कूल में हुआ टॉपर्स विद्यार्थियों का सम्मान



**एनपीटी ब्यूरो**

बागपत। सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10 व कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया।

इसमे पैरामाउण्ट पब्लिक स्कूल अग्रवाल मंडी टटीरी के कक्षा 12 विज्ञान वर्ग की टॉपर्स साक्षी शर्मा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वाणिज्य वर्ग में टापर्स अनुष्का मिश्रा ने 93 प्वाइंट 6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कक्षा 10 में टापर्स हर्ष ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसको लेकर स्कूल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार, बिजेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य शक्ति सिंह, समस्त अध्यापक व अध्यापिकाओ ने टॉपर्स विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर अपना आशीर्वाद दिया और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस मौके पर बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी बच्चों को टॉपर्स विद्यार्थियों से प्रेरणा लेनी चाहिए और आगे और भी कड़ी मेहनत कर अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन करना चाहिए। उन्होंने टॉपर्स सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भोजन गुणवत्ता जांच के लिए नामित अधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक

**एनपीटी ब्यूरो**

बहराइच। जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति इण्टर कालेज एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर खाद्य सामग्री की आपूर्ति एवं उसकी गुणवत्ता ठीक न होने के सम्बन्ध में प्राप्त होने वाली शिकायतों के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर समस्त एस.डी.एम., बी.डी.ओ., खाद्य सुरक्षा अधिकारी व पूर्ति निरीक्षक द्वारा आकस्मिक रूप से शिक्षण संस्थाओं व सी.एच.सी. की जांच की गई।

मंगलवार को देरशाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जांच समिति के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में जांच आख्या की समीक्षा करते हुए आपूर्ति खाद्य सामग्री व भोजन की गुणवत्ता इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निरीक्षण के दौरान खाद्यान्न आपूर्ति सामग्री से सम्बन्धित अभिलेखों को भी देखें तथा निर्धारित मेन्यू का अनुपालन भी सुनिश्चित कराया जाय। डीएम ने कहा कि शिक्षण संस्थाओं में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम मिलने पर सम्बन्धित को उपस्थिति बढ़ाने के लिए निर्देशित भी किया जाय।

डीएम ने निर्देश दिया कि सभी संस्थाओं में एसएचजी की तैनाती के साथ-साथ समयबद्ध भुगतान भी कराया जाय तथा सभी एसएचजी को फूड लाइसेन्स भी दिलाया जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि किसी स्थान पर अधोमानक या एक्सपायरी सामग्री के उपयोग में लाये जाने की बात सामने आती है तो फूड सैम्पलिंग की कार्यवाही अमल में लाई जाय। बैठक के दौरान बीडीओ नवाबगंज द्वारा बताया गया कि भुगतान लम्बित होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एसएचजी द्वारा भोजन आपूर्ति नहीं की जा रही है। इस स्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए डीएम ने सीएमओ को निर्देश दिया कि तत्काल भुगतान कराएं ताकि समूह द्वारा भोजन आपूर्ति प्रारम्भ की जा सके। डीएम ने यह भी कहा कि समूह द्वारा आपूर्ति न किये जाने की दशा में अन्य व्यवस्था करें जिससे मरीजों को भोजन व पुष्टाहार की आपूर्ति होती रहे।

डीएम ने समस्त उप जिलाधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्रान्तर्गत समस्त पोखरों व जलाशयों को पानी से भरवा दिया जाय तथा क्षेत्र में स्थापित सभी हैण्डपम्पों व नलकूपों का क्रियाशील स्थिति में रखा जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि क्षेत्र में स्थापित हैण्डपम्पों का सर्वे कराकर खराब पड़े हैण्डपम्पों को दुरूस्त करा दें ताकि आमजन को पेयजल की समस्या न हो। ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव जैसी समस्या के समाधान के लिए डीएम ने वर्षा ऋतु से पूर्व नाली-नालों की सफाई कराये जाने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, एसडीएम, बीडीओ व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## ई-आफिस प्रणाली के सफल संचालन हेतु प्रशिक्षित किये जा रहे हैं कार्मिक

बहराइच । जनपद के समस्त कार्यालयों को ई-आफिस प्रणाली अन्तर्गत सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने तथा आई.जी.आर.एस. पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होने वाले सन्दर्भों के समयबद्ध निस्तारण में तकनीकी जानकारी के अभाव में होने वाले विलम्ब की संभावना को नगण्य करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर सूचना विज्ञान केन्द्र बहराइच में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव व ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुमित तिवारी व नेटवर्क फील्ड अभियन्ता संदीप द्विवेदी व रमन गुप्ता के नेतृत्व में 07 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए निर्धारित रोस्टर की जानकारी देते हुए डीआईओ एनआईसी श्री यादव ने बताया कि 15 मई 2025 को आयुष, खनन, नलकूप, लोक निर्माण, स्वतःउद्योग व जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, 16 को निर्वाचन, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, चकबन्दी, उद्यान, बेसिक शिक्षा व गन्ना विभाग, 17 को जिला सैनिक कल्याण, पंचायतीराज, डूडा, समाज कल्याण व विकलांग कल्याण विभाग, 19 को अल्पसंख्यक कल्याण, महिला कल्याण, एलडीएम बैंक, मत्स्य, उद्योग, विद्युत विभाग तथा 20 मई 2025 को वन, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, कलेक्ट्रेट व विकास भवन के समस्त पटल सहायकों का प्रशिक्षित किया जायेगा।

# कोणार्क विद्यापीठ में टॉपर्स विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**एनपीटी ब्यूरो**

बागपत। कोणार्क विद्यापीठ खेकड़ा में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, इसमें कक्षा 10 व 12 के टॉपर्स विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



कोणार्क विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेकड़ा में कक्षा 12 एवं कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत रहा। कक्षा 12 के अभिषेक गौर ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को टॉप किया ' कक्षा 12 के सत्यम पाराशर ने 86 प्वाइंट 6 प्रतिशत, अक्षिका ने 85 प्वाइंट 4 प्रतिशत, तनु ने 84 प्वाइंट 8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 10 के पुलकित शर्मा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, खुशी ने 93 प्वाइंट 8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय , अंशिका कौशिक ने 91 प्वाइंट 6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र धामा एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अतुल कुमार गोस्वामी ने सम्मान समारोह में टॉपर्स विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर उप प्रबंधक अंकित धामा, रामचंद्र शर्मा, शक्ति राजदान, सविता शर्मा , गुलशन चौहान, अजीत सिंह, नीतीश पाराशर, प्रदीप कुमार, दुष्यंत त्यागी, रमा तेवतिया, नलिनी शर्मा, शालु जैन, मेघा धामा, सुमन चौहान, नरेश कुमार, मोनिका शर्मा, शशि त्रिपाठी, मंजू गुप्ता, विनी शर्मा, मोनिका पाल, रीना शर्मा, शिवानी धामा, मोनिका कौशिक, विचित्र मनी, शालिनी शर्मा, अंशु तोमर, शिवानी शर्मा आदि सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# महाराणा प्रताप व पृथ्वीराज चौहान की जयंती में पहुंचने का किया आग्रह

**एनपीटी ब्यूरो**

बागपत। राजपूत विकास समिति के अध्यक्ष सुनील चौहान के नेतृत्व में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एवं सम्राट पृथ्वीराज चौहान की संयुक्त जयंती 18 मई को सुबह दस बजे सम्राट पृथ्वीराज डिग्री कॉलेज बागपत में मनाई जाएगी।

इसके लिए एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें पूर्व अध्यक्ष राजेश चौहान, पूर्व महामंत्री अजयवीर खट्टा, जितेंद्र चौहान, चौधरी प्रेमपाल, सतपाल पाली, कर्म सिंह सिसाना व मनोज आर्य एडवोकेट महासचिव ने पाली गांव का दौरा किया। वहां पर प्रवेश आर्य, राकेश आर्य के मकान पर गोष्ठी की गई। ग्राम खेड़ी में अमरदीप प्रधान के यहां क्षत्रिय समाज के लोग इकट्ठा हुए। अमरदीप प्रधान ने अतिथियों का माला पहनकर एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।



बसा टिकरी गांव में देवेंद्र कुमार डीलर के यहां गोष्ठी का आयोजन हुआ। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने का आश्वासन दिया। कस्बा अग्रवाल मंडी टटीरी में डॉक्टर विनोद कुमार अध्यक्ष नगर पंचायत अग्रवाल मंडी टटीरी के यहां गोष्ठी की गई।अध्यक्ष सुनील चौहान ने क्षत्रिय समाज के लोगों से कार्यक्रम में आने का आह्वान किया।

# फतेहपुर पुट्ठी में सड़क-नाली निर्माण को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश, एसडीएम कार्यालय पर धरना

बागपत। बागपत जनपद के फतेहपुर पुट्ठी गांव में सड़क और नाली निर्माण कार्य को लेकर उठे विवाद ने अब प्रशासनिक दहलीज पर दस्तक दे दी है। बुधवार को गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय बागपत पर पहुंचकर धरना दिया और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

सुबह करीब 11 बजे शुरू हुए इस धरने में गांव के प्रमुख लोग ङ्ग सचिन तोमर, रवि तोमर, मनोज आदि ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा गांव की मुख्य सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। यह सड़क बड़ौत को अमीनगर सराय और पुरा महादेव मंदिर से जोड़ती है, जिस पर प्रतिदिन भारी संख्या में वाहन गुजरते हैं। लेकिन कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर सड़क और दोनों ओर बनने वाली नालियों का निर्माण कार्य जबरन रुकवा दिया गया है।



ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में बाधा डालने वाले लोग विरोध जताने पर झूठे आरोप लगाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विरोध में शामिल कुछ लोगों ने अपनी बेटियों को आगे कर अभद्रता व छेड़छाड़ जैसे संगीन आरोप लगाकर प्रशासन को गुमराह करने का प्रयास किया है, जिससे कार्य पूरी तरह ठप हो गया है।

धरने पर बैठे ग्रामीणों ने बताया कि 9 मई को इस संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया था, जिस पर 13 मई को राजस्व विभाग व पीडब्ल्यूडी की टीम गांव में आई थी। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि मौके पर मौजूद हल्का लेखपाल ने बिना किसी पैमाइश के अपनी मर्जी से सड़क की दिशा तय कर दी और सड़क को उत्तर दिशा की ओर निकालने लगा, जबकि शजरे के अनुसार सड़क दक्षिण दिशा में पहले से बनी हुई है और वहीं से गुजरनी चाहिए।

गांववालों का कहना है कि हल्का लेखपाल ने दक्षिण दिशा में मकान बनाए बैठे लोगों से सांठ-गांठ कर शजरे के विपरीत कार्य करने की कोशिश की, जिससे गांव में तनाव का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने मांग की कि किसी अन्य लेखपाल से दोबारा निष्पक्ष पैमाइश कराई जाए और शजरे के अनुसार सही दिशा में सड़क व नाली निर्माण कराया जाए।

धरना दे रहे लोगों ने प्रशासन से मांग की कि निर्माण कार्य में

# संपादकीय

## वायुसेना को संबल, पाक को करारा जवाब

सोमवार को राष्ट्र को संबोधित करने के बाद मंगलवार की सुबह अचानक पंजाब स्थित आदमपुर एयरबेस की यात्रा करके प्रधानमंत्री ने सबको चौंकाया। प्रतीकों के जरिये संदेश देने की कला में माहिर प्रधानमंत्री की इस यात्रा को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। निस्संदेह, इस यात्रा के गहरे निहितार्थ थे। पहले तो ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न के दौरान पाकिस्तानी हमले के सामने अभेद्य दीवार बनकर खड़े रहे इस एयरबेस के वायु सैनिकों का मनोबल बढ़ाना था, तो दूसरी ओर अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के सामने पाक को बेनकाब करना था। दरअसल, पाक ने दावा किया था कि उसने आदमपुर एयरबेस पर हमले करके ह्यसुदर्शन चक्रह्न यानी एस-400 को तबाह कर दिया है। प्रधानमंत्री ने इस एयरबेस में वायु सेना के कर्मियों से बातचीत की और शानदार काम के लिये उनकी पीठ थपथपायी। निश्चय ही प्रधानमंत्री का वायु सैनिकों के बीच जाकर उनका उत्साहवर्धन करना प्रेरक पहल है। निस्संदेह, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना की भूमिका निर्णायक रही। आतंकी ठिकानों और सैन्य हवाई अड्डों पर सटीक हमले इस ऑपरेशन के कामयाब लक्ष्य रहे। सबसे महत्वपूर्ण इस दौरान भारत की बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली की प्रभावशीलता रही। जिसने भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों और नागरिक क्षेत्रों पर हमले की पाकिस्तान की तमाम कोशिशों को विफल बना दिया । उल्लेखनीय है कि सोमवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तानी ड्रोनों और मिसाइलों को तिनके की तरह मार गिराने के लिये देश के वायु रक्षा कवच की मुक्तकंठ से प्रशंसा की थी। ठीक अगले ही दिन, उन्होंने आदमपुर एयरबेस की यात्रा की और वायु सैनिकों का मनोबल बढ़ाया। निश्चित रूप से यह हमारे वायु योद्धाओं और सशस्त्र बलों की बहादुरी को देश का हृदय से सलाम ही था। साथ ही प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार की जड़ पर प्रहार किया। दरअसल पड़ोसी पाक दावा करता रहा है कि उसकी मिसाइलों ने आदमपुर में भारतीय वायु रक्षा प्रणाली एस-400 को ध्वस्त कर दिया है। उल्लेखनीय है कि जब प्रधानमंत्री वायु सैनिकों को संबोधित कर रहे थे तो पृष्ठभूमि में स्पष्ट रूप से सही-सलामत ह्यसुदर्शन चक्रह्न दिखायी दे रहा था। अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को सच बताने के लिये ये काफी था। एयरबेस में वायु सेना कर्मियों व अधिकारियों में खासा उत्साह दिखायी दिया। जो पाक को स्पष्ट संदेश दे गया कि वायु सेना के पास जश्न मनाने की वजह मौजूद है। निश्चित रूप से पाकिस्तान के मुकाबले भारत की वायु शक्ति की श्रेष्ठता पर कभी संदेह नहीं रहा। लेकिन यह ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न ही था, जिसने नये युग के युद्ध में भारतीय वायुसेना की दक्षता सिद्ध की। देश की वायु सेना युद्ध शक्ति, आक्रमण, रक्षा क्षमता,आधुनिकीकरण और रसद आपूर्ति के मामले में दुनिया में सर्वश्रेष्ठ वायुसेनाओं में से एक है। वैश्विक स्तर पर,यह चीन,इस्राइल और फ्रांस की वायु सेनाओं से भी बेहतर है। यही वजह है कि भारतीय वायुसेना को उपमहाद्वीप में स्पष्ट व निर्णायक बढ़त प्राप्त है। जिसके चलते पाकिस्तान को किसी दुस्साहस करने से रोका जा सका है। ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न की सफलता इस बात की गवाह है कि अचूक मिग-29 फाइटर जेट्स और ह्यसुदर्शन चक्रह्न एस-400 की ताकत ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। साथ ही नागरिक क्षेत्रों पर सैकड़ों ड्रोन हमलों को विफल बना दिया। उल्लेखनीय है कि आदमपुर एयरबेस मिग-29 फाइटर जेट्स का गढ़ माना जाता है। केवल ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न ही नहीं, वर्ष 1971 के इस एयर बेस ने पाक के खिलाफ निर्णायक भूमिका निभायी थी। इस बार उन्नत मिग-29 ने लाहौर और कराची में पाक के एयर डिफेंस सिस्टम को ध्वस्त करके पाक सेना का मनोबल तोड़ दिया। दरअसल, वेस्टर्न कमांड के तहत भारत की वायुसेना के इंटिग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम ने भारत की वायु प्रतिरक्षा प्रणाली को अभेद्य बना दिया। जो पश्चिमी हवाई सीमा के लिये कवच साबित हुई। बहरहाल, आदमपुर में प्रधानमंत्री के दौरे ने पाक को साफ चेतावनी दे दी है कि भारत का आसमान कुशल वायुसेना के योद्धाओं के चलते अभेद्य है। हम हर चुनौती के मुकाबले के लिये तैयार हैं। साथ ही यह भी बताया कि हम न केवल अपनी रक्षा करने में सक्षम हैं बल्कि दुश्मन को उसके घर में भी शिकस्त दे सकते हैं।

# मैं बागपत हूँ - खंड 4-माया त्यागी कांडः जब इंसाफ चौराहे पर चीख उठा



लेखकः सुरेंद्र मलानिया

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

मैं बागपत हूँ...
खंड 1 में हमने जाना बरनावा, जहाँ लक्षागृह की महागाथा आज भी धरती की साँसों में धधकती है। खंड 2 में देखा सिनौली – जहाँ योद्धाओं के रथ इतिहास की चुप्पी तोड़ते हैं। खंड 3 में गुजरे अमीननगर सराय की गलियों से – जहाँ धर्म और व्यापार ने पीढ़ियाँ गढ़ीं। और अब... खंड 4।

एक ऐसी सच्चाई, जिसे शब्दों में बाँधना आसान नहीं।

यह इतिहास नहीं, एक कराह है। यह घटना नहीं, एक सदियों का लांछन है – हमारी चुप्पी का, हमारे लोकतंत्र के खोखलेपन का।

18 जून 1980 जब इंसानियत बागपत चौराहे पर घुटनों के बल गिर पड़ी

दोपहर के करीब एक सफेद एंबेसडर कार बागपत के मुख्य चौराहे पर रोकी गई।

कार में बैठे थेः ईश्वर त्यागी, माया के पति राजेंद्र दत्त और सुरेंद्र सिंह, उनके साथी और माया त्यागी, गर्भवती, नारीत्व की प्रतिमा, भारतीय स्त्रीत्व की प्रतीक।

बिना किसी चेतावनी, बिना कोई प्रश्न, पुलिस ने तीनों पुरुषों को गोलियों से छलनी कर दिया। तीनों की मौत हीं हो गई। लेकिन असली अपराध उसके बाद शुरू हुआ।

उसे औरत नहीं समझा गया – उसे सबक समझा गया माया को बालों से खींचकर कार से बाहर निकाला गया। उसकी साड़ी फाड़ी गई, चौराहे पर खींचते हुए नग्न अवस्था में पीटा गया।

सैकड़ों लोग तमाशबीन बने रहे – कुछ खौफ में, कुछ चुप सहमति में। वो दृश्य... आज भी बागपत की जमीन पर धधकता है। माया के शरीर पर 25 से अधिक चोटों के निशान पाए गए।

गुप्तांगों पर ऐसी चोटें थीं,




जो इंसान की नहीं, दरिंदों की पहचान थीं। जिसने उसे बचाने की कोशिश की झ वो भी खलनायक बना दिया गया

चौराहे के किनारे खड़े ओमवीर शिकोहपुर उस दिन मूक दर्शक नहीं बने। जब भीड़ पीछे हट रही थी, और पुलिस अपने पाशविक रवैये पर उतारू थी, ओमवीर ने बीच में आकर चिल्लायाः क्या यही न्याय है? क्या इसी दिन के लिए संविधान लिखा गया था?

उन्होंने माया को बचाने की कोशिश की – पुलिस की लाठी झेली, जान की परवाह नहीं की। पर अफसोस, उस समय किसी की आवाज नक्कारखाने में तूती जैसी थी। पर आज इतिहास उनकी कोशिश को सलाम करता है।

वो चौराहा झ जिसे अब 'वंदना चौक' कहा जाता है

नाम बदल दिए गए, पर जमीन वही है, जहाँ इंसानियत की चूडियाँ टूटी थीं। वो धूल अब भी गवाही देती है।

चौधरी चरण सिंह झ वो नेता, जो केवल बोलते नहीं, जीते थे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, बागपत की आत्मा थे। जब माया त्यागी कांड की खबर उनके पास पहुँची, तो उनका चेहरा सख्त हो गया, पर आँखें नम थीं। उन्होंने तत्काल कहाः > यह घटना पुलिस नहीं, लोकतंत्र के गाल पर थप्पड़ है।

अगर हमने इसे बर्दाश्त किया, तो कल कोई भी महिला सुरक्षित नहीं बचेगी।

उन्होंने सीबीआई जांच की माँग की। उन्होंने संसद में आक्रोश की आवाज बुलंद की। उन्होंने कहाः जिस धरती पर नारी को देवी कहा जाता है,

वहाँ यह घृणित कृत्य हम सबकी हार है।

देशभर में जन आक्रोश दिल्ली, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर झ हर जगह मोर्चे निकले।

महिला संगठनों ने कोर्ट में जनहित याचिकाएं डालीं।

बार काउंसिल ने स्वतः संज्ञान लिया। न्याय झ या सिर्फ खानापूर्ति? 11 पुलिसकर्मियों पर केस चला। मुख्य आरोपी इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह की हत्या हो गई। माया के देवर विनोद त्यागी पर हत्या का आरोप लगा,

पर 2009 में कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया। फिर सवाल उठाः क्या ये इंसाफ था? या फिर एक और लंबा अँधेरा?

मैं बागपत हूँ – और मैं अब भी कांपता हूँ मैं वो जमीन हूँ, जहाँ रामायण के संस्कार बहे थे। जहाँ रथों पर युद्ध हुए,

पर स्त्रियों का मान सबसे ऊँचा रखा गया।पर उस दिन, मेरी छाती चीर दी गई। माया की चीखें अब भी रात के सन्नाटे में गूंजती हैं। वो चौराहा अब भी शर्म से झुका खड़ा है।

माया आज कहाँ है?

दिल्ली के एक गुमनाम कोने में, एक माँ, एक औरत, एक जिंदा इतिहास बनकर –

माया अब भी अपने जख्मों से ज़िंदगी बुनती है।

उसने कहाः > मुझे कुछ नहीं चाहिए।

बस ये दुआ है – कोई और माया न बने।

और अगर बने, तो चुप न रहे। नेशनल प्रेस टाइम्स की प्रतिज्ञा हमारा काम सिर्फ खबर देना नहीं, वो याद दिलाना है – जो भूल जाना पाप है। माया कांड सिर्फ एक केस नहीं – ये हमारी संवेदनहीनता का आईना है। खंड 5 में हम लाएँगे वो कहानी, जहाँ बागपत फिर मुस्कुराएगा,पर उस मुस्कान की नींव में माया जैसे आँसू होंगे – जो कभी दिखे नहीं, पर अब भूले नहीं जाएंगे।

मैं बागपत हूँ –और अब भी उस दिन के खून से लाल हूँ।

**क्या तुम मेरा चेहरा पोंछोगे?**
**या फिर चुपचाप गुजर जाओगे?**

# सबक सिखाने को जरूरी आयात नियंत्रण के उपाय, पाक का मददगार चीन

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने पाकिस्तान को समर्थन व हथियार देकर खुल्लमखुल्ला मदद की। इसके बावजूद वह भारत का दूसरा बड़ा कारोबारी साझेदार बना हुआ है। खास बात यह कि व्यापार संतुलन उसके पक्ष में है। ऐसे में जरूरी है कि भारत अपने आयात चीन से कम करे। यह उस पर बड़ा आर्थिक प्रहार होगा।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई पर चीन पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखाई दिया। चीन ने न केवल पाकिस्तान को पूर्ण समर्थन दिया, बल्कि उसे मिसाइलों सहित विभिन्न हथियारों की आपूर्ति भी की। हालांकि चीन निर्मित जिन हथियारों का पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ प्रयोग किया, वे पराक्रमी भारतीय सेना और प्रभावी सैन्य व्यवस्था को हानि पहुंचाने में नाकाम रहे। दरअसल,चीन अप्रत्यक्ष रूप से भारत को आर्थिक शक्ति बनने से रोकना चाहता है। ऐसे में अब भारत द्वारा पाकिस्तान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंधों के साथ ही चीन से बढ़ते आयात को नियंत्रित करके उसे भी आर्थिक सबक दिया जाना जरूरी है।

हालिया आंकड़ों के मुताबिक चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार में भारत लगातार घाटे में है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। चिंताजनक यह कि चीन से 2024-25 में आयात 11.52 प्रतिशत बढ़कर 113.45 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था। चीन के साथ व्यापार घाटा बीते वित्त वर्ष में करीब 17 प्रतिशत बढ़कर 99.2 अरब डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 85.07 अरब डॉलर था। चीन 2024-25 में 127.7 अरब डॉलर द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। चीन पर निर्भरता कम करने के जो रणनीतिक कदम उठाए गए हैं, उनका कोई विशेष असर नहीं दिखा। अब पाकिस्तान को खुला समर्थन दे रहे चीन के साथ कोई छह माह पूर्व भारत ने मित्रता की जिस राह को आगे बढ़ाया था, उसे रोककर चीन के साथ कारोबार असंतुलन कम करने को कदम उठाने जरूरी हैं।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष 31 अक्तूबर को दीपावली के दिन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत-चीन के सैनिकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई थी। इसका कारण था कि पिछले वर्ष 23 अक्तूबर को रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच सफल द्विपक्षीय वार्ता हुई जिसमें दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया था। दोनों नेताओं ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध हल करने के लिए समझौते का स्वागत किया और अधिकारियों को लद्दाख में सीमा विवाद सुलझाने के लिए बातचीत जारी रखने के निर्देश दिए। इस वार्ता के बाद सैन्य स्तर पर क्रियान्वयन के साथ डेमचोक और डेपसांग क्षेत्रों में टकराव बिंदुओं से सैनिकों की वापसी के बाद से लगातार पेट्रोलिंग हो रही है। यद्यपि चीन से नए सैन्य समझौते के बाद भारत को वहां से ज्यादा आयात से बचने के लिए सावधानी बरतना जरूरी लग रहा था, लेकिन भारत ऐसा नहीं कर पाया व चीन से आयात बढ़ते गए।

कोई दो मत नहीं कि चीन पाकिस्तान को आतंकी प्रोत्साहन देते हुए भारत की तेजी से बढ़ती आर्थिकी की राह में बाधक बनना चाहता है। चीन जानता है कि भारत अपनी बढ़ती आर्थिक साख व तेजी से इसी वर्ष 2025 में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिकी बनते हुए दिखाई देगा! हाल ही में प्रकाशित अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की रिपोर्ट के अनुसार, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। इसी वर्ष 2025 के अंत तक भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। उस समय देश का जीडीपी बढ़कर 4.187 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा और यह जापान के जीडीपी 4.186 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि विकास की ऊंची दर से भारत का जीडीपी 2028 में बढ़कर 5.584 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

इसी तरह हाल ही में वैश्विक रेटिंग एजेंसी मॉर्निंग स्टार डीबीआरएस ने भारत की सॉवरेन रेटिंग को निम्नतम निवेश ग्रेड ह्यबीबीबी (कम)ह्न से एक पायदान ऊपर उठाकर ह्यबीबीबीह्न कर दिया है। रेटिंग प्रवृत्ति को भी ह्यसकारात्मकह्न से ह्यस्थिरह्न कर दिया गया है। इस रेटिंग एजेंसी ने उन्नयन के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश और डिजिटलीकरण, राजकोषीय समेकन, व्यापक आर्थिक स्थिरता के साथ सतत उच्च विकास और लचीली बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से देश के संरचनात्मक सुधारों का हवाला दिया है। दुनिया के उभरते हुए देशों में भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है। बीती अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.09 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया, जो किसी माह अभी तक का सर्वाधिक राजस्व है। पिछले वर्ष 2024-25 में जीएसटी और इनकम टैक्स संग्रह रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा।

निश्चित रूप से भारत को आर्थिक रूप से आगे बढ़ने से रोकने और शत्रुतापूर्ण व्यवहार कर रहे चीन से व्यापार घाटा कम करने के लिए सरकार को कारगर प्रयास करने होंगे। कोई दो मत नहीं कि पिछले एक दशक से स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करके चीन से आयात घटाने के प्रयास हुए। वर्ष 2019 और 2020 में चीन की भारत के प्रति आक्रामक और विस्तारवादी नीति सामने आई, तो स्थानीय उत्पादों के उपयोग की लहर देश में बढ़ती दिखाई दी।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरख ब्लॉक में पुनर्गठन एवं महिला मोर्चा गठन को लेकर अहम बैठक सम्पन्न

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।

बाराबंकी (हरख)। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ, जनपद बाराबंकी की हरख ब्लॉक इकाई के पुनर्गठन एवं महिला मोर्चा के गठन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय सतरिख प्रथम, ब्लॉक हरख में किया गया।



बैठक में संगठन के विस्तार हेतु प्रमुख रूप से देवव्रत, अभिषेक श्रीवास्तव, तथा अभिनव दीक्षित को उपाध्यक्ष की भूमिका में मनोनीत किया गया। महिला मोर्चा के गठन में पुनीता वर्मा को अध्यक्ष, सरिता वर्मा को संरक्षक, सत्या श्रीवास्तव को महामंत्री, संगीता बिन्द को कोषाध्यक्ष, फराह फातिमा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, तथा तृप्ति पटेल को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं नीलम सिंह, ज्योति सिंह, , मारिया फातिमा, एकता पाल, और प्रियंका सिंह, दीपिका मिश्रा ,अंजू वर्मा, रोमा रंजन, रश्मि श्रीवास्तव ,चंचल ,ज्योति सिंह, बबीता गौतम ,प्रियंका सिंह ,कामिनी वर्मा ,अर्चना विक्रम सिंह को भी विभिन्न पदों की जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं।

बैठक की अध्यक्षता सरिता वर्मा ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष पवन कुमार वर्मा, मंत्री विजेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, अमित वर्मा, तथा मनोज वर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के संयोजक ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप कुमार वर्मा एवं महामंत्री संतोष कुमार श्रीवास्तव थे। उपाध्यक्ष राकेश कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरकिशन जी, अरुण कुमार वर्मा, नीरज कुमार श्रीवास्तव, गौतम सोनी , आलोक सिंह, आफताब अनवर, सजीवन राम, अभिनव दीक्षित, अभिषेक श्रीवास्तव, व देवेश पांडे की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रम में सैकड़ों शिक्षकों की उपस्थिति ने इसे ऐतिहासिक बना दिया। शिक्षकों में संगठन के प्रति उत्साह एवं जागरूकता का यह आयोजन एक सशक्त एवं सक्रिय संगठन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# 6 साल बाद मिली अपहृत किशोरी बाराबंकी पुलिस ने बुलंदशहर से किया बरामद, दो आरोपी पहले ही जेल में।



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बाराबंकी । थाना असंद्रा पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस की मदद से 6 साल पहले अपहृत हुई किशोरी को बुलंदशहर से बरामद कर लिया है। यह मामला 1 जून 2019 का है।

थाना असंद्रा में पॉक्सो एक्ट समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आरोपी रामअचल और चेतराम, जो बाबूलाल के पुत्र हैं और सोहिलपुर, हथौथा थाना रामसनेहीघाट, बाराबंकी के रहने वाले हैं, को 7 सितंबर 2019 को जेल भेजा जा चुका है।

पुलिस लगातार पीड़िता की तलाश में जुटी थी। 14 मई 2025 को असंद्रा पुलिस ने पीड़िता को बुलंदशहर से सकुशल बरामद कर लिया। मामले में पहले से ही धारा 363, 366, 368 क्ढउ और पॉक्सो एक्ट की धारा 9/10 के तहत मुकदमा दर्ज था।

# ई-आफिस प्रणाली के सफल संचालन हेतु प्रशिक्षित किये जा रहे हैं कार्मिक

बहराइच । जनपद के समस्त कार्यालयों को ई-आफिस प्रणाली अन्तर्गत सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने तथा आई.जी.आर.एस. पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होने वाले सन्दर्भों के समयबद्ध निस्तारण में तकनीकी जानकारी के अभाव में होने वाले विलम्ब की संभावना को नगण्य करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर सूचना विज्ञान केन्द्र बहराइच में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव व ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुमित तिवारी व नेटवर्क फील्ड अभियन्ता संदीप द्विवेदी व रमन गुप्ता के नेतृत्व में 07 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए निर्धारित रोस्टर की जानकारी देते हुए डीआईओ एनआईसी श्री यादव ने बताया कि 15 मई 2025 को आयुष, खनन, नलकूप, लोक निर्माण, स्वतःउद्योग व जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, 16 को निर्वाचन, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, चकबन्दी, उद्यान, बेसिक शिक्षा व गन्ना विभाग, 17 को जिला सैनिक कल्याण, पंचायतीराज, डूडा, समाज कल्याण व विकलांग कल्याण विभाग, 19 को अल्पसंख्यक कल्याण, महिला कल्याण, एलडीएम बैंक, मत्स्य, उद्योग, विद्युत विभाग तथा 20 मई 2025 को वन, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, कलेक्ट्रेट व विकास भवन के समस्त पटल सहायकों का प्रशिक्षित किया जायेगा।

श्री यादव ने बताया कि 13 मई 2025 से प्रारम्भ 07 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान 13 मई 2025 को खाद्य एंव रसद, परिवहन, आबकारी, कृषि, स्टॉम्प एंव रजिस्ट्रेशन व समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार, 14 मई 2025 को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, खेल, कोषागार, नगर पलिका/नगर पंचायत, सिंचाई व समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को ई-आफिस प्रणाली को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु प्रशिक्षित किया गया है। श्री यादव ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कार्मिकों को आईजीआरएस पोर्टल पर सन्दर्भों को देखने, डाउनलोड व अपलोड करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जा रही है ताकि निस्तारण के बावजूद तकनीकी खामियों के कारण होने वाली .त्रुटि से जनपद की रैंक प्रभावित न होने पाये।

# 20 मई तक वितरित होगा माह मई का खाद्यान्न

बहराइ। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह मई 2025 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 09 से 20 मई 2025 तक ही किया जायेगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि पूर्व में निर्धारित तिथि के अनुसार खाद्यान्न का वितरण 25 मई 2025 तक किया जाना था परन्तु अपरिहार्य कारणों से वितरण तिथि में संशोधन हो गया है। डीएसओ ने बताया कि संशोधित रोस्टर के अनुसार 09 मई से 20 मई 2025 तक अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूॅ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूॅ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। वितरण की अन्तिम तिथि 20 मई 2025 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा।

# शाहाबाद ढकिया मार्ग के चौड़ीकरण की तैयारियों में जुटा पीडब्ल्यूडी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



रामपुर शाहबाद। नगर के तहसील रोड यानी शाहबाद - ढकिया मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग तैयारियों में जुट गया है। यह सड़क को दस मीटर चौड़ी की जाएगी, फिलहाल इस समय यह सड़क 7 मीटर चौड़ी है। अगर सब कुछ ठीकठाक रहा तो इस सड़क को दस मीटर चौड़ा करने का प्रस्ताव तैयार कर शासन से मंजूरी के लिए भेज दिया जाएगा। शासन की मंजूरी मिलते ही शाहबाद ढकिया मार्ग के चौड़ीकरण का काम शुरू होगा और सड़क को दोनों ओर से डेढ़ डेढ़ मीटर चौड़ा कर दस मीटर किया जाएगा। यह मार्ग शाहबाद से आसफपुर होते हुए कछला गंगाघाट मार्ग को भी जोड़ता है।

पीडब्ल्यूडी विभाग शाहबाद ढकिया मार्ग को दस मीटर चौड़ा करने के लिए प्रस्ताव बनाने की तैयारियां कर रहा है। फिलहाल यह सड़क 7 मीटर चौड़ी है। यह मार्ग कछला गंगाघाट मार्ग को जोड़ता है। प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाएगा। मंजूरी मिलते ही मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो सकेगा। जहां जहां अतिक्रमण है उसको भी हटवाया जाएगा।

**सुरजभान एई पीडब्ल्यूडी रामपुर**

# बिलारी से शाहबाद होते हुए आंवला भमौरा स्टेट हाइवे का चौड़ीकरण दुकानो पर लगाए निशान

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो




रामपुर शाहबाद। बिलारी से शाहबाद होते हुए आंवला भमौरा स्टेट हाइवे के चौड़ीकरण का काम चल रहा है। फिलहाल सड़क शाहबाद के टांडा गांव तक दस मीटर चौड़ी हो गई है। दूसरी शिफ्ट में बिलारी मार्ग की तरफ से कार्य शुरू हो गया है। सड़क के चौड़ीकरण के लिए सड़क के एक ओर खुदाई की जा रही है जो नगर के मंगोली तक आ गई है। शाहबाद नगर के बीचोबीच से गुजर रहे स्टेट हाइवे को दस मीटर चौड़ा करने के लिए बुधवार को पीडब्ल्यूडी विभाग और राजस्व विभाग ने सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण हटाने के लिए लाल निशान लगाए है ताकि सड़क का चौड़ीकरण किया जा सके। फिलहाल यह सड़क सात मीटर चौड़ी है। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने भी अतिक्रमण का जायजा किया। इस दौरान हल्का लेखपाल रमन सिंह साथ में मौजूद रहे।

शाहबाद बिलारी मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। सड़क सात मीटर चौड़ी है, तीन मीटर और चौड़ा किया जाना है।शाहबाद आबादी में अतिक्रमण है उसको हटाने के लिए चिन्हित किया गया है। जहां जहां अतिक्रमण है वहां लाल निशान लगाएं गए है। नोटिस देकर जल्द से अतिक्रमण हटवाया जाएगा। अगर स्वयं से अतिक्रमण नहीं हटाते है तो प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटवाया जाएगा।

**मनोहर प्रसाद एई पीडब्ल्यूडी रामपुर**

# शाहबाद जवाहर नवोदय विद्यालय किरा का शत-प्रतिशत रहा परीक्षाफल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**




रामपुर शाहबाद।मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय किरा रामपुर (उ०प्र०) का सत्र 2024-25 का कक्षा-12 एवं कक्षा-10 का सीबीएसई बोर्ड का परीक्षाफल उत्कृष्ठ क्षेणी का रहा है। दोनो कक्षाओं का परीक्षाफल शत्-प्रतिशत रहा। कक्षा-12वीं के विज्ञान वर्ग में मास्टर हर्ष लोधी ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, दुसरे स्थान पर मास्टर अनस 94.4 प्रतिशत और तृतीय स्थान पर निमसा राठौर 94 प्रतिशत रही। वही कॉमार्स वर्ग में कुमारी महक जैन ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीपक गंगवार 93 प्रतिशत अंक लाकर दुसरे स्थान पर रहे। कृश वाशन 89 प्रतिशत लाकर तृतीय स्थान पर रहे।कक्षा-10 में मास्टर निदित कश्यप ने 97. 4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अर्पित गौतम ने 97.2 अंक प्राप्त कर दुसरा स्थान प्राप्त किया मास्टर गौरव सिंह एवं मास्टर आयुष कुमार ने 96.8 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनो कक्षाओ के सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में पास हुए। कक्षा 10 में 26 बच्चों ने 90 प्रशित से अधिक अंक प्राप्त किए। प्राचार्य करन सिंह ने बच्चो को विद्यालय में बुलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय में पुष्पेन्द्र कुमार पीजीटी अर्थशास्त्र, संजीव कुमार पीजीटी बायो, एसपी गिरी पीजीटी भौतिकी, मनीष टंडन पीजीटी हिन्दी एवं कायार्लीय अधीक्षक, विकास कुमार जेएसए उपस्थित रहे इस अवसर बच्चो को फुल माल पहना कर मिठाई खिला एवं उज्जवल भविष्य की कामनाएं दी।

# बिना मंडी शुल्क जमा किए लकड़ी परिवहन पर ठोका जुमार्ना



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद। मिट्टी का अवैध परिवहन बंद कराने निकले एसडीएम हिमांशु उपाध्याय और तहसीलदार राकेश चंद्रा ने मंडी शुल्क जमा किए बिना लकड़ी का परिवहन करते एक ट्रक को पकड़ लिया। लकड़ी व्यापारी पर 45 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया। तहसीलदार राकेश चंद्रा ने बताया कि बिना गेट पास के ट्रक में पॉपुलर की लकड़ी जा रही थी। जिसको पकड़कर 45 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है।

# नकाबपोश बदमाशों ने डाली डकैती, परिवार को बंधक बनाकर की लाखों की लूट

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। डिलारी थाना क्षेत्र में बदमाशों ने पुलिस को चुनौती देते हुए परिवार को बंधक बनाया और लाखों की लूटपाट की। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री की।

जनपद के डिलारी थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर लाल में नकाबपोश बदमाशों ने हथियारों के बल पर घर मे घुसकर परिवार के लोगों को बंधक बनाया, बदमाशों ने अलमारी का ताला तोड़कर सोने की ज्वेलरी और नगदी लूट ली। परिजनों द्वारा जब इसका विरोध किया गया तो बदमाशों ने परिजनों को पीट-पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

वहीं घटना के शिकार इकरार हुसैन ने बताया कि बीती रात नकाबपोश आधा दर्जन से अधिक बदमाश हथियारों से लैस मेरे घर में घुस आए जब पीड़ित ने बदमाशों का विरोध किया तो उन्हें पीट- पीट कर घायल कर दिया और पूरे परिवार को बंधक बनाकर सेफ अलमारी का लॉक तोड़कर सोने का हार, पेंडिल , अंगूठी,एक जोड़ी बाली,चांदी की एक जोड़ी पायल,तीस हजार रुपए नगदी समेत लगभग तीन लाख रुपए का माल लूटकर फरार हो गए। साथ ही पूरे परिवार को कमरे में बंधक बना दिया। जाने से पहले पूरे परिवार को धमकी दी कि अगर कार्रवाई की तो जान से मार देंगे। इसके बाद नकाबपोश बदमाश मौके से फरार हो गए।

वहीं मामले पर प्रभारी निरीक्षक थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर मौका मुआयना किया गया है। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। जांच की जा रही है जो भी तथ्य सामने आयेंगे,उसी के आधार पर कार्रवाई कराई जाएगी।

# अवैध खनन करते एक ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी, सीज



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद। मिट्टी के अवैध खनन पर प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही करते हुए रात में ही एक ट्रैक्टर ट्राली को सीज किया है। मंगलवार देर रात घोसीपुरा में मिट्टी का अवैध खनन करने की सूचना पर एसडीएम हिमांशु उपाध्याय और तहसीलदार राकेश चंद्रा मौके पर पहुंचे और एक ट्रैक्टर ट्राली को मिट्टी का अवैध परिवहन करते पकड़ लिया। ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर पटवाई थाने कर खड़ा करा दिया गया।

## सनातन हिंदू वाहिनी सनातन धर्म की करेगी रक्षा

# राष्ट्र विरोधी तत्वों को करेंगे बेनकाब : संजय नाथ योगी.



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बरेली ,सनातन हिंदू वाहिनी के तत्वाधान में आज मेगा सिटी कंपाउंड संजय नगर बरेली में एक संगठन विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नवनियुक्त पदाधिकारी गणों एवं सदस्यों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सनातन हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष महंत संजय नाथ योगी जी थे उन्होंने अपने भावपूर्ण भाषण में हिंदुत्व सनातन और राष्ट्र के विषय में गहराई से वर्णन किया साथ ही माननीय गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के निदेर्शों और सिद्धांतों का पालन करना क्यों जरूरी है स्पष्ट किया सनातन हिंदू वाहिनी का लक्ष्य सनातन हिंदुओं को एक धागे में पिरोना जातिवाद को समाप्त करना उच्च नीच के भेदभाव को खत्म करना और राष्ट्र विरोधी शक्तियों को उजागर करना और उनके मंसूबों को विफल करना है कार्यक्रम का आयोजन सनातन हिंदू वाहनी के प्रदेश सचिव श्री जुगल किशोर श्रीवास्तव जी के द्वारा किया गया कार्यक्रम में सनातन हिंदू वाहनी की महिला प्रकोष्ठ सनातन हिंदू शक्ति वाहिनी की विभिन्न जिलों से आई महिला कार्यकताओं और महिला पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसका नेतृत्व शक्ति वाहिनी की प्रदेश महामंत्री श्रीमती भावना श्रीवास्तव द्वारा किया गया विभिन्न जिलों से आए जिला अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष एवं गणमान्य पदाधिकारी ने भी अपने विचार प्रकट किया कार्यक्रम का समापन प्रदेश सचिव जुगल किशोर श्रीवास्तव जी के द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गए नारे बाटोगे तो काटोगे एक रहोगे तो सेफ रहोगे की शपथ लेने के साथ हुआ।

# बिजली कटौती और लो वोल्टेज से मुरादाबाद के लोग बेहाल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**



मुरादाबाद। कभी घोषित तो कभी अघोषित बिजली कटौती से मुरादाबाद जिले के लोग इस भीषण गर्मी में बेहाल हो चुके हैं। शहरी क्षेत्र में कहने के लिए 20 से 24 घंटे बिजली दी जा रही है। मगर मेंटीनेंस के नाम पर अघोषित बिजली कटौती कितने घंटे की रहेगी। इससे जनता परेशान है।

4 से 5 घंटे तक बिजली कटौती -बगैर किसी पूर्व सूचना के अघोषित बिजली कटौती चार से पांच घंटे तक की जा रही है। पूछने पर बिजली कर्मियों की ओर से बताया जाता है कि फाल्ट हो गया था। इसलिए शट डाउन लिया गया है। मगर ताज्जुब वाली बात यह है कि शट डाउन कभी-कभी पूरे दिन का हो जाता है।

लो वोल्टेज ने किया परेशान-बिजली आने पर वोल्टेज इतना लो रह रहा है, कि पंखे ठीक ढंग से नहीं चल पा रहे हैं। इससे उपभोक्ता परेशान हैं। उनका कहना है कि जो काम सर्दियों में पूरे हो जाने थे, उन कार्यों को अब पूरा किया जा रहा है। इसके लिए विभाग को शटडाउन की जरूरत होती है। इसमें कई बार- पांच से सात घंटे का भी शटडाउन लिया गया। शटडाउन के दौरान सुबह से बिजली प्रभावित होने के बाद शाम के समय सुचारू होती है। जिससे दोपहर में उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ जाती हैं।

# किसान से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते सहायक चकबंदी अधिकारी गिरफ्तार

बरेली। एंटी करप्शन टीम ने मंगलवार को सदर तहसील के कानूनगो को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया तो बुधवार को विजिलेंस टीम ने फरीदपुर में कार्रवाई कर दी। वहां सहायक चकबंदी अधिकारी महेश सिंह को 10 हजार रुपये लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। फरीदपुर के एक गांव निवासी शिकायतकर्ता से महेश सिंह ने जमीन इकट्ठा कर चक बनाने के नाम पर 20 हजार रुपये मांगे थे। परेशान किसान ने विजिलेंस में शिकायत कर दी। टीम के कहने पर किसान सहायक चकबंदी अधिकारी महेश सिंह को 10 हजार रुपये दो किस्तों में देने को तैयार हो गया। शिकायतकर्ता किसान बुधवार को 10 हजार रुपये लेकर सहायक चकबंदी अधिकारी के पास पहुंचा। इसी दौरान टीम ने रिश्वत लेते हुए महेश सिंह को पकड़ लिया। एसपी विजिलेंस अरविंद कुमार ने बताया कि विजिलेंस थाने में मुकदमा दर्ज करके आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। एक दिन पहले एंटी करप्शन टीम ने जमीन की पैमाइश के बहाने दस हजार रुपये रिश्वत लेने में सदर तहसील के कानूनगो (राजस्व निरीक्षक) नरेंद्र पाल गंगवार को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि रिठौरा क्षेत्र में तैनात राजस्व निरीक्षक नरेंद्र पाल गंगवार ने पैमाइश के बदले 50 हजार रुपये की मांग की थी। किसान ने मामला जायजा बताकर मना किया तो भी 25 हजार रुपये से कम न लेने पर नरेंद्र अड़ गया।

# मझोला मंडी समिति के अल्टीमेटम के बाद लामबंद हुये व्यापारी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद । मंडी समिति प्रशासन द्वारा अवैध कब्जों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कल से तीन दिन के लिए मंडी परिसर में अभियान चलाया जाना है जिसको लेकर बुधवार को मंडी परिसर में ऐलान कराया गया है जिसके बाद से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। मंडी प्रशासन के खिलाफ सभी व्यापारियों ने भारी संख्या में इक्ट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन करना शुरू दिया गुरुवार से मण्डल भर की मंडी समिति में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाना का ऐलान कर डाला हैं। बीते तीन महीने से समय समय पर मंडी प्रशासन द्वारा परिसर में दुकानदारों के द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर ध्वस्त करने का कार्य किया जा रहा है इसी बीच जिला प्रशासन और मंडी प्रशासन को कई बार व्यापारियों और भाजपा शहर विधायक तक के विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा है। बुधवार को फिर से मंडी प्रशासन द्वारा पूरे परिसर में व्यापारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को खुद से हटाए जाने को लेकर ऐलान कराया गया था। इसके बाद सभी व्यापारियों में हड़कंप मच गया ओर आक्रोशित होते हुए सभी व्यापारियों ने मंडी प्रशासन के खिलाफ हाय हाय के नारे लगाते हुए दुकानें बंद कर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया।

क्या कहना है व्यापारियों का

व्यापारी गौरव शर्मा का कहना है मंडी प्रशासन द्वारा 600 लाइसेंस जारी कर रखे हैं मगर प्रशासन ने 258 दुकानें ही एलॉटमेंट कर रखी है। व्यापारी हरिओम गुप्ता का कहना है पूरे प्रदेश में 302 मंडियों में मुरादाबाद मंडी परिसर की हालत सबसे खराब है। मुरादाबाद क्षेत्र में जितनी भी मंडिया आ रही मकबरा मंडी, गुलाब बाड़ी मंडी, चक्कर की मिलक मंडी हो सभी को कल से बंद करवाया जाएगा। गुरुवार से जनपद भर में कही भी सब्जियों की बिक्री नहीं होने देंगे।

किसी कीमत पर जनपद में सब्जियां नहीं मिलेंगी

बीते तीन महीने से समय समय पर मंडी प्रशासन द्वारा परिसर में दुकानदारों के द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर अतिक्रमण ध्वस्त करने का कार्य किया जा रहा है। इसी बीच जिला प्रशासन और मंडी प्रशासन को कई बार व्यापारियों और भाजपा शहर विधायक तक के विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा है। बुधवार को फिर से मंडी प्रशासन द्वारा पूरे परिसर में व्यापारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को खुद से हटाए जाने को लेकर ऐलान कराया गया था। इसके बाद सभी व्यापारियों में हड़कंप मच गया ओर आक्रोशित होते हुए सभी व्यापारियों ने मंडी प्रशासन के खिलाफ हाय हाय के नारे लगाते हुए दुकानें बंद कर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया।

बैठक | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आई.जी.आर.एस की बैठक

# शिकायतकर्ता निस्तांरण से संतुष्ट है या नहीं दूरभाष पर वार्ता कर लें जानकारी -जिलाधिकारी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बरेली । जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में आई.जी.आर.एस की बैठक सम्पन्न हुई।



बैठक में समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये गए कि आई.जी.आर.एस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की अपने स्तर से बैठक की जाए, जिन शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया जाये उससे दूरभाष पर वार्ता भी की जाए कि वह संतुष्ट है या नहीं। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि ई.ओ रिछा के 11 सन्दर्भ डिफाल्टर हो जायेगे जिस पर उन्होंनें नाराजगी व्यक्त करते हुये शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये गए। समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गए कि आई.जी.आर.एस सन्दर्भों की शिकायतों के डिफाल्टर होने से 2-3 दिन पहले ही रिपोर्ट/अख्या बना कर शिकायतों का निस्तारण कर लें। अपने अपने कार्यालयों में यह संदेश दे दें कि कार्य उचित प्रकार से व जीरो टालरेस की नीति से करें। समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये गए कि धारा 30 में यदि कोई केस पेण्डिँग है तो उसे शीघ्र निस्तारित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि अक्सर शिकायतकर्ता मा0 मुख्यमंत्री जी के जनता दर्शन में अपनी शिकायतों को लेकर जाते हैं जिससे यह प्रतीक होता है कि जिले में शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण उचित प्रकार से नही हो रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में 10 बजे से 12 बजे तक शिकायतकर्ताओ की समस्याओं को सुने तथा उसका निस्तारण करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने कहा कि सी.एम डैश बोर्ड में कुछ विभागों की रैंकिंग सी,डी,ई मिली है जिसमें सुधार करने की आवश्यकता है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये इसमें सुधार करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 विश्राम सिंह, अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत सिंह, उपायुक्त उद्योग विकास यादव सहित समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# उपाधियों के लिये आवेदन व साइटेशन जमा करें 10 तक

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि विगत वर्षों की भांति आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 को पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्मश्री की उपाधियां भारत सरकार द्वारा दी जानी है। आगामी वर्ष 2026 के लिये भारत सरकार द्वारा उक्त उपाधियों के ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था की गई है, जिसके फलस्वरुप विभिन्न क्षेत्रों यथा कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और प्रोद्योगिकी, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, सिविल सेवा, खेल एवं अन्य में विशिष्ट एवं उत्कृष्ट, योगदान एवं सेवा से



सम्बंधित महानुभावों के बारे में संस्तुतिंया राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन भारत सरकार को भेजी जानी है। उन्होंने सम्बन्धित व्यक्तियों से 10 जून तक दो प्रतियों में समस्त वांछित संलग्नकों सहित जिला सूचना कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि साइटेशन राईटअप के रूप में (अधिकतम 800 शब्द/5000 अक्षर) होना चाहिए। साइटेशन में समाज के कल्याण के लिए किए गए कार्यों, समाज सेवा कार्यों को भी उजागर किया जा सकता है। साथ ही राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय पुरस्कारों, यदि कोई हों या कोई अन्य महत्वपूर्ण/महत्वपूर्ण तथ्य का विवरण भी दें सकते हैं।

# स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक पर लगाये केन्टीन संचालिका ने छेड़खानी के आरोप, डीएम को दिया शिकायती पत्र

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर। एक केन्टीन संचालिका द्वारा एक चिकित्सक पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर डीएम को शिकायती पत्र सौंपा है।

थाना बार क्षेत्र के अंतर्गत एक ग्राम निवासी एक महिला ने मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बार में केन्टीन चलाती है स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात एक चिकित्सक द्वारा पिछले 6 माह से केन्टीन से उधार सामान लिया जा रहा था, जब उसने चिकित्सक से उधारी के पैसे मांगे तो



चिकित्सक द्वारा पैसे देने से इंकार कर दिया, यही नहीं 30 अप्रैल 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बार के अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर डॉक्टर ने जल्द ही भुगतान करने का आश्वासन दिया था। जब वह परिसर में मौजूद थी तभी वहां पर काम करने वाला सफाई कर्मचारी आया और उसे लेकर अधीक्षक के कमरे पर चला गया जब वह कमरे पर पहुंची तब उक्त सफाई कर्मचारी ने अंदर से दरवाजे बंद कर दिए और डॉक्टर ने उसके साथ छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता का आप है कि डॉक्टर उसे भुगतान करने के लिए हम बिस्तर होने का दबाव बना रहा था। पीड़िता ने बताया कि घटना अस्पताल के सीसीटीवी में कैद है। इस दौरान डॉक्टर सफाई कर्मी ने कहीं भी शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी।

# कैलगुवां में चलाया गया सघन चेकिंग अभियान , देशी एवं कंपोजिट अंग्रेजी शराब ठेकाओ को भी परखा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर पुलिस अधीक्षक ललितपुर मोहम्मद मुस्ताक क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह प्रभारी निरीक्षक बानपुर मनोज मिश्रा के कुशल दिशा निर्देशन में उपनिरीक्षक कैलगुवां संत किशोर शुक्ला ने अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ एवं उन पर अंकुश लगाने के लिए मंगलवार को मध्य प्रदेश से सटे हुए आमघाट एवं मऊघाट बॉर्डर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया चेकिंग अभियान में वाहन स्वामियों से पूछताछ की एवं यातायात नियमों का पाठ भी पढ़ाया बिना नम्बर प्लेट की गाड़ी व हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस संदिग्ध व्यक्तियों एवं संदिग्ध वाहनो को चेक किया गया जिसके अंतर्गत 8 ई चालान जिसका 28000 शमन शुल्क किया गया,

**देसी एवं कंपोजिट अंग्रेजी शराब ठेको पर भी चलाया गया चेकिंग अभियान**

उप निरीक्षक कैलगुवां संत किशोर शुक्ला ने बताया कि चौकी क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे एवं अराजकता एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रहेगी ललितपुर पुलिस आप लोगों के साथ है अपराध एवं अपराधियों को किसी भी दिशा में बक्सा नहीं जाएगा ऐसे अराजक तत्व फैलाने वाले एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी चेकिंग के दौरान उप निरीक्षक कैलगुवां संत किशोर शुक्ला हेडकांस्टेबल नरेश शर्मा हेड कांस्टेबल सर्वेश कुमार व पी आर डी लच्छू राम मौजूद रहे।

# मंदिर के पास मिली साधु की खून से सनी लाश, सिर कुचलकर की गई बेरहमी से हत्या

**एनपीटी ब्यूरो**



मथुरा के बरसाना कमई रोड पर खेतों में बने हनुमान मंदिर में रहने को लेकर पूर्व फौजी ने साधु की हत्या कर दी। घटना की जानकारी होने पर थाना पुलिस के साथ एसपी देहात व सीओ घटनास्थल पर पहुंचे। मकान स्वामी ने पूर्व फौजी पर हत्या के आरोप लगाए। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम लगा दी गई। बरसाना से कमई जाने वाले रोड पर 108 कुटिया के पास राजू उर्फ राधा रमण दास के खेत पर बने हठीले हनुमान मंदिर की सेवा पूजा साधु रामदास उर्फ बिहारी (55) 20 साल से कर रहे थे। सोमवार की शाम को जट्टारी के पास एतबरपुर गांव के प्रताप सिंह फौजी से मंदिर में रहने को लेकर विवाद हो गया। साधु रामदास से कहने लगा कि इस मंदिर में मैं रहूंगा। दोनों में शाम को हुए विवाद को खेत स्वामी ने समाप्त करा दिया। सुबह खेत स्वामी व उसके परिजन खेत पर पहुंचे तो वहां साधु रामदास का शव लहूलुहान हालात में मंदिर के पास पड़ा मिला। साधु की हत्या की सूचना पर थाना प्रभारी राजकमल बालियान के साथ कस्बा इंचार्ज घटनास्थल पर पहुंच गए। एसपी देहात त्रिगुण बिसेन व सीओ आलोक कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। साधु का शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। एसपी देहात त्रिगुण बिसेन ने बताया कि प्रथम द्दष्टया साधु की हत्या ईंट मारकर की गई प्रतीत होती है। खेत स्वामी के अनुसार आरोपी की तलाश को पुलिस टीम लगा दी गई। शीघ्र ही घटना के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# प्रशिक्षक शन्नो शुक्ला द्वारा केशव प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग संस्थान, केशवधाम मे योगाभ्यास

**एनपीटी ब्यूरो**

मथुरा। वृन्दावन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए लोगों को योग के प्रति लोगों की सलाह लेने के लिए आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक शन्नो शुक्ला जिले द्वारा मथुरा में विभिन्न योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज केशव प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग संस्थान वृन्दावन में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कैलाश डिकेड द्वारा किया गया। क्षेत्रिय एवं यूनानी अधिकारी डॉ. गोपाल सिंह के निर्देशन में एवं जिला



कार्यक्रम प्रबंधक अनिकेत मिर्जा के निर्देशन में आज आयुष विभाग की योग प्रशिक्षक शन्नो शुक्ला द्वारा केशव प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग संस्थान, केशवधाम वृंदावन में योगाभ्यास प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कैलास मठ के सान्निध्य में मरीजों को रोग विशेषज्ञ योगाभ्यास कराया गया। फ़्लोरो लोगो को सूक्ष्म व्यायाम क्रियाये फ़्लोरिडा फ़्लोरिडा चालन,कटी चालन,वक्र सन, कपालभाति तथा नाड़ी शोधन, भ्रामरी, शीतली, सीतक प्राणायाम का अभ्यास बड़ी संख्या में लोगों ने लिया।

# वृंदावन में जन समस्याओं का नगर आयुक्त ने किया निस्तारण

**एनपीटी ब्यूरो**

मथुरा। वृंदावन। जन शिकायतों पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही किए जाने के लिए उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री की पहल पर प्रत्येक मंगलवार को शुरू किए गए संभवह्व संतुष्टि एवं समृद्धि के अंतर्गत जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के क्रम में मंगलवार को नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा वृंदावन जोन कार्यालय में प्रातः 10 बजे से जनसुनवाई की गयी वही भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में अनिल कुमार अपर नगर आयुक्त द्वारा जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। जनसुनवाई में नगर आयुक्त द्वारा सभी शिकायत कताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर



मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान नगर निगम मथुरा-वृन्दावन में कुल 14 शिकायत प्राप्त हुयी जिनमें से 8 शिकायतों का निस्तारण टीम को भेजकर तत्काल करा दिया गया शेष लंबित 6 शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दर्ज शिकायतो का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत हो जाना चाहिए । जनसुनवाई में अपर नगर आयुक्त चंद्र प्रकाश पाठक राकेश कुमार त्यागी सहायक नगर आयुक्त श्रीमती कल्पना सिंह चौहान अनुज कौशिक अमरेन्द्र गौतम प्रभारी मुख्य अभियंता, मौ. अनवर ख्वाजा महाप्रबंधक जल एवं डा. गोपाल गर्ग नगर स्वास्थ्य राम कैलाश अधिशासी अभियंता जल आदि अधिकारी उपस्थित रहे ।

# सनातन धर्म की रक्षा के लिए समाज में एकता अत्यंत जरूरी - अमरदास जी महाराज

## श्री अयोध्या धाम से पधारे शिष्य महामंडलेशवर अमरदास जी महाराज ने की प्रेस वार्ता, सनातन धर्म पर डाला प्रकाश

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर। शहर के मोहल्ला गांधीनगर नेशनल कानवेंट स्कूल के समीप 12 मई से चल रही सप्त दिवसीय श्री मद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्री अयोध्या धाम से पधारे शिष्य महामंडलेशवर अमरदास जी महाराज ने प्रेस वार्ता कर सनातन धर्म पर प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने अपने मुखारविंद से कहा कि सबसे पहले समाज में फैली बुराईयों, ईर्ष्या भावना को दूर करना होगा, हम सब सनातनी भाई एक हो, तब हमारा देश विश्व में ख्याति प्राप्त कर सकेगा। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में हर समस्या का समाधान है। हम अपने बच्चों को धर्म, सनातन संस्कृति एवं अच्छे संस्कार से जोड़े। आजकल देखा जा रहा है कि बड़े पैमाने पर इंग्लिश कानवेंट स्कूल चल रहे हैं। वहां संस्कार रहित शिक्षा दी जा रही है। जबकि अयोध्या,



बनारस सहित अन्य तीर्थ स्थानों पर जो गुरुकुल चल रहे हैं , वहां आज भी प्रारंभिक शिक्षा के साथ धर्म आधारित संस्कार की शिक्षा सर्वप्रथम दी जाती है, इसके बाद उन्हें शास्त्रों का गहन अध्ययन कराया जाता है। अधिकांश तौर पर देखा जा रहा है कि युवा शास्त्रों से दूर भाग रहे हैं। हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है कि बच्चों को धर्म शास्त्र की शिक्षा दें। पत्रकारों द्वारा संत कैसे होने चाहिए, के सवाल पर उत्तर देते हुए कहा कि संत अपने लिए नहीं जीता है, वह मानव कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर देता है। संत लोभ, मोह, माया से रहित होना चाहिए। मथुरा में संत की हत्या पर उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि यह कायराना हरकत है। यह हत्या किसी असमाजिक तत्व ने की है, सरकार इस मामले को गंभीर है। वह अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने आगे कहा कि सनातन धर्म अनादिकाल से चला आ रहा है। सनातन सेवा भाव जागृत करता है। आतंकवाद को समाप्त करने के लिए सनातनियों को आपसी बुराईयां त्यागनी होंगी। तभी हम पूरे विश्व में अपना धर्म पताका फहरा सकेंगे। तत्पश्चात संरक्षण शिवोहम आश्रम स्वामी हीरानंद जी महाराज ने कहा कि सनातनी भाई पहले अपना घर मजबूत करें, फिर देश अपने आप मजबूत होगा। बच्चों को संस्कार दें, नशे से दूर रखकर अच्छी शिक्षा और संस्कार दें।

युवा ही देश का भविष्य है। वहीं अंत में पत्रकार बंधुओं से कथा श्रवण करने का आमंत्रण दिया है। साथ ही सभी को श्री राधे कृष्ण जी के चित्र अंकित वाला दुपट्टा एक प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह बुंदेला, मंत्री राकेश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष दिनेश पाठक, मुख्य यजमान पार्षद श्रीमती पुष्पा अरविंद राजा, पुजारी अवध बिहारी उपाध्याय, बृजभूषण कटारे, हरीनारायण चौबे, अवध बिहारी उपाध्याय, कमलेश शास्त्री, अक्षय वोहरे, अशोक श्रीवास्तव, प्रदीप विश्वकर्मा, संतोष शर्मा, राजीव गुप्ता, धीरेन्द्र सिंह बुंदेला, मनीष श्रीवास्तव, भरत दुबे सहित अनेक भक्तगण मौजूद रहे।

# हंगामा करने पर 3 यूट्यूबर्स समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**एनपीटी ब्यूरो**

मथुरा। जमुनापार थाना क्षेत्र में 20 दिन पूर्व घर से किशोरी लापता हो गई। परिजन ने नामजद मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने शनिवार की देर रात किशोरी को बुलंदशहर से बरामद कर लिया। मंगलवार को उसके कोर्ट में बयान होने थे। बयान देने के बाद जब पुलिस किशोरी को नारी निकेतन ले जा रही थी तो परिजन और कुछ यूट्यूबर्स ने हंगामा कर दिया। हंगामा करने वाले एक महिला समेत 3 नामजद तथा तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई है। सीओ सिटी भूषण वर्मा ने बताया कि जमुनापार थाना क्षेत्र से एक किशोरी घर से चली गई थी। परिजन की तहरीर पर पुलिस ने उसे शनिवार को बरामद किया। पुलिस ने सोमवार को



किशोरी का मेडिकल कराया। मंगलवार को जमुनापार थाने के दरोगा नरेंद्र सिंह और महिला कांस्टेबल किशोरी के बयान दर्ज कराने के बाद उसे नारी निकेतन ले जा रही थी। तभी परिजन और कुछ यूट्यूबर्स आ गए।

उन्होंने किशोरी को गाड़ी से नीचे खींचने का प्रयास किया। किशोरी भी गाड़ी से नीचे उतरने को तैयार नहीं थी। दरोगा ने विरोध किया तो उसके ऊपर परिजन ने विरोधी पक्ष से रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। परिजनों का आरोप था कि पुलिस उनकी बेटी से मिलने नहीं दे रही है। सदर पुलिस ने बेबी, सुनील, प्रकाशी, तीन चार अज्ञात यूटूबर्स के खिलाफ अभद्रता करना, सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करना समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि वीडियो में कुछ और लोग दिखाई दे रहे हैं। उनकी पहचान कर मुकदमे में शामिल किया जाएगा।

# अमरोहा सांसद बोले, अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर की जाए कार्रवाई

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**
**अमरोहा ' उ. प्र**

अमरोहा। कलक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित हुई। इसमें सांसद कुंवर सिंह तंवर ने जिले में चल रहे अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों व क्लीनिकों पर कार्रवाई करने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि इससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है। बैठक में पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, माध्यमिक शिक्षा, विद्युत, स्वास्थ्य, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना सहित कई महत्वपूर्ण



योजनाओं व विभाग की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रमों की प्रगति के बार में भी जानकारी ली गई।

सांसद तंवर ने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की जरूरत है। जिले में फर्जी क्लीनिकों व अल्ट्रासाउंड सेंटरों की भरमार है। ऐसे अल्ट्रासाउंड सेंटर जिन पर डॉक्टर नहीं बैठते हैं, उन्हें जांच कर बंद कराया जाए। जिनके कागजात सही हैं, सिर्फ उन्हीं को संचालन की अनुमति दी जाए।

बैठक में मंडी धनौरा विधायक राजीव तरारा ने कहा कि कार्यालय के कार्मिकों की ओर से अल्ट्रासाउंड सेंटरों व चिकित्सालयों से सुविधा शुल्क वसूला की जाता है, जिसका सबूत भी दिया गया है। इससे संबंधित व्यक्ति पर मुकद्दमा दर्ज होना चाहिए। उन्होंने ग्राम मोहरका पट्टी में राशन की कालाबाजारी के साथ ही राशन की दुकानों से गोदामों से पूरा राशन न मिलने संबंधी बिंदुओं पर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीआईओएस विष्णु प्रताप सिंह ने जिले में हाईस्कूल व इंटर के रिजल्ट के बारे में जानकारी दी। इस पर विधायक ने कहा कि जिले में निजी स्कूलों के बच्चे टॉपर है। जबकि, राजकीय व एडेड स्कूलों के बच्चे मेरिट में जगह नहीं बना सके। उन्होंने सुधार के निर्देश दिए।

# भूस से भरी ट्रॉली पलटी, चालक की दर्दनाक मौत

## भुनी मोड़ पर ट्रक की टक्कर से हादसा, तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

नेशनल प्रेस टाइम्स।
चौसाना। क्षेत्र के गांव जिजौला निवासी कादिर (30) की बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। कादिर गांव के ही बुद्धू व्यापारी के ट्रैक्टर पर ड्राइवरी करता था और प्रतिदिन की तरह बुधवार को भी हरियाणा से भूस से भरी ट्रॉली लेकर मेरठ के सरधना जा रहा था। रात करीब एक बजे जैसे ही वह मेरठ जिले के भुनी मोड़ के पास पहुंचा, पीछे से तेज रफ्तार में आए एक ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे खाईं में जा गिरा।

**ट्रॉली के नीचे दबा चालक, मौके पर ही हुई मौत**

हादसे में ट्रैक्टर पलट गया और ड्राइवर कादिर ट्रॉली के नीचे बुरी तरह दब गया। राहगीरों ने पुलिस व परिजनों को सूचना दी, लेकिन जब तक सहायता पहुंचती, कादिर की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। परिजन तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और कादिर के शव को लेकर गांव पहुंचे। शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। पत्नी, मां-बाप और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है गमगीन माहौल में दफना दिया गया।

**सबसे छोटा था कादिर, तीन बच्चों का था पिता**

कादिर चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसके परिवार में तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं–दो बेटियां और एक बेटा। उसकी असमय मौत से पूरा परिवार सदमे में है। आर्थिक रूप से पहले से ही संघर्ष कर रहा परिवार अब पूरी तरह टूट गया है। ग्रामीणों ने सरकार से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

**गांव में फिर जागा पुराना दर्द, दर्जनों ने गंवाई जान**

बताते चलें कि जिजौला गांव के अधिकतर लोग भूस व पराली के व्यापार से जुड़े हैं। यह व्यापार अधिकतर ट्रैक्टर ट्रॉली के माध्यम से किया जाता है, और अक्सर व्यापारी देर रात लंबी दूरी तय करते हैं। ऐसे में हादसों का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले आठ-दस वर्षों में गांव से जुड़े भूस से ट्रैक्टर ड्राइवर की दर्जनों जानें ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने या हादसों में जा चुकी हैं

# नौमान की गिरफ्तारी से सुरक्षा एजेंसियों की रडार पर आया कैराना

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो
कैराना। एक दिन पूर्व हरियाणा के पानीपत में सीआईए-1 की टीम के द्वारा पाकिस्तान को गोपनीय सूचनाएं भेजने के आरोप में गिरफ्तार किया गया नौमान इलाही मुख्य रूप से पासपोर्ट बनवाने का कार्य किया करता था। नौमान की गिरफ्तारी के बाद से खुफिया विभाग अलर्ट मोड़ पर है। स्थानीय खुफिया विभाग के लोग गिरफ्तार किये गए नौमान की कुंडली खंगालने में जुट गए है। कैराना में स्थित नौमान के घर पर ताला लटका हुआ है।

मंगलवार को हरियाणा राज्य की पानीपत क्राइम इन्वेस्टीगेशन एजेंसी(सीआईए)-1 की टीम ने एक युवक को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उस पर पाकिस्तान में रह रहे इकबाल नामक आतंकी के सम्पर्क में होने के आरोप है। पानीपत सीआईए की टीम के द्वारा पकड़ा गया नौमान इलाही कैराना कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा का निवासी बताया गया है। नौमान कैराना में रहकर पाकिस्तान अथवा अन्य मुस्लिम देशों में जाने वाले लोगो के पासपोर्ट बनवाने का कार्य किया करता था। आशंका है कि पासपोर्ट बनवाने का कार्य करने के दौरान ही वह दुश्मन देश के जासूस के सम्पर्क में आया है। बताया जा रहा है कि नौमान का पिता अहसान भी पासपोर्ट बनवाने का कार्य करता था, जिसकी करीब पांच वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। बताया जा रहा है कि नौमान करीब चार माह पूर्व कैराना से पानीपत जाकर अपनी बहन के यहां रहने लग गया था। वहां पर किसी फैक्ट्री में गार्ड की नौकरी करता था।

## मरहूम सांसद मुनव्वर हसन के नाम से द्वार बनवाने की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम्स।**
बोर्ड बैठक के दौरान नगरपालिका परिषद के वार्ड संख्या-18 से निर्वाचित सभासद कादिर हसन ने मरहूम सांसद चौधरी मुनव्वर हसन के नाम से कस्बे के पानीपत-कैराना बाईपास पर एक द्वार बनवाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि चौधरी मुनव्वर हसन ने 39 वर्ष की आयु में देश के चारों सदनों की सदस्यता हासिल करने की उपलब्धि प्राप्त की थी, जिसके चलते उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ था। वह किसानों, गरीबों, मजलूमों व मजदूरों की आवाज बुलंद करने वाले नेता थे। उन्होंने पूरी दुनिया में कैराना का नाम रोशन किया था।

## किशोरों ने अकेली पाई किशोरी के साथ की छेड़छाड़ , पुलिस ने आरोपियों को छोड़ा

**नेशनल प्रेस टाइम्स।**
चौसाना।कस्बे में किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में ग्रामीणों ने दो किशोरों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि किशोरी के परिजनों से तहरीर नहीं दी है। किशोरों को सुपुर्दगी में दिया गया है।

चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव में मंगलवार की देर रात्रि दो किशोरों ने किशोरी को अकेला पाकर छेड़छाड़ की घटना कर दी।किशोरी ने शोर मचाया तो आसपास के लोगों ने आरोपियों को पकड़ लिया और पुलिस को मौके पर बुलाकर उन्हें सौंप दिया।जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों परिजनों के संग चौकी पर पहुंचे और हंगामा करने लगे। लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने चौकी प्रभारी के चौकी पर नहीं होने का हवाला देकर ग्रामीणों को टरका दिया।

जिसके बाद चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे तो परिजन भी ग्रामीणों के संग वापस आ गए। परिजनों ने पूरी घटना पुलिस अधिकारी को बताई लेकिन शिकायती पत्र नहीं दी। वही चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि किशोरी के परिजनों ने तहरीर नहीं दी जिस कारण से मुकदमा दर्ज नहीं हो सका और किशोरों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# यमुना नदी में समा गए खुरगान के दो किशोर, मौत

## -गर्मी से निजात पाने को यमुना में नहाने के लिए गए थे दोनों दोस्त

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
कैराना। गर्मी में निजात पाने को यमुना में नहाने के लिए गए दो किशोरों की गहरे पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे से मृतक किशोरों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बाद में दोनों मृतकों के शवों को गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

खादर क्षेत्र के गांव इस्सापुर खुरगान निवासी अफनान(14), मुस्तफा(15) व सोहिल आपस में दोस्त थे। तीनों गांव के ही एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ते थे। बताया जा रहा है कि बुधवार को छुट्टी के पश्चात दोपहर करीब एक बजे तीनों दोस्त गर्मी से निजात पाने के उद्देश्य से नहाने के लिए यमुना पर चले गए। सोहिल किनारे पर बैठ गया, जबकि अफनान व मुस्तफा नहाने के लिए यमुना के अंदर चले गए। इसी दौरान यमुना में नहा रहे दोनों किशोर गहरे पानी में डूबने लगे। दोनों को डूबते हुए देखकर बाहर बैठे सोहिल ने शोर मचा दिया, लेकिन आसपास किसी व्यक्ति के न होने के कारण दोनों किशोर यमुना के गहरे पानी में समा गए। इसके पश्चात, सोहिल ने गांव में पहुंचकर दोनों किशोरों के परिजनों व अन्य ग्रामीणों को घटना के बारे में बताया। आनन-फानन में किशोरों के परिजन व ग्रामीण भारी संख्या में यमुना पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने यमुना नदी में डूबे किशोरों की तलाश शुरू की। काफी देर की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों किशोरों को यमुना से बाहर निकालकर शामली के निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने दोनों किशोरों को मृत घोषित कर दिया। किशोरों की मौत से मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अफनान सात भाई-बहन बताए गए है, जिनमें अफनान भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक अफनान के पिता जमशेद खेती-बाड़ी का कार्य करते है। वहीं, मृतक मुस्तफा भी छह भाई-बहन थे। मुस्तफा भी अपने भाइयों में सबसे छोटा बताया गया है। मुस्तफा के पिता की करीब एक वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। बाद में दोनों मृतकों के शवों को गांव के निकट स्थित कब्रिस्तान में गमगीन माहौल के बीच सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

## बोर्ड बैठक में करोडों रुपये के प्रस्ताव पास

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
कैराना। नगरपालिका परिषद में आयोजित बोर्ड बैठक के दौरान 4.22 करोड़ रुपए के विभिन्न प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

बुधवार को नगरपालिका के सभाकक्ष में पालिकाध्यक्ष शमशाद अहमद की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मासिक नक्शा आय-व्यय माह नवंबर-2024 से मार्च-2025 तक जिसमें आय-36.08 करोड़ रुपये तथा व्यय-18.98 करोड़ रुपये का अनुमोदन किया गया। इस दौरान वित्तीय वर्ष-2025-26 में आय 68,40,61,000 रुपये तथा व्यय 67,24,00000 रुपये दर्शाई गई, जिसके अनुसार वित्तीय वर्ष-2025-26 के लिए 11,66,1000 रुपये की बचत का बजट दशार्या गया। बोर्ड बैठक में पंडित दीन दयाल उपाध्याय योजनांतर्गत नगर में कराए जाने वाले निर्माण कार्यो के लिए लगभग एक करोड़ रुपये तथा मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनांतर्गत नगर की बाहरी बस्तियों में निर्माण कार्य हेतु लगभग 3.22 करोड़ रुपये के प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत किये गए। बोर्ड बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप ने किया। इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक जैगम हुसैन, जलकल लिपिक तासीम अली, लेखाकार राकेश कुमार, कर अधीक्षक शाकिर हुसैन, अवर अभियंता(सिविल) राहुल कुमार, अवर अभियंता(जल) हिमांशु नारायण, प्रकाश लिपिक मोहम्मद असलम तथा सभासदगण अंजू, कोमल रानी, मोहसीन, महबूब चौधरी, रईस अली, शादाब, फिरदौस, नसरीन, आबिदा, राशिद अहमद, मोहम्मद शाहिद, नौशाद, वसीम, जैबून, शबाना आदि मौजूद रहे।

## नौमान के कैराना स्थित आवास पर लटका ताला

पानीपत सीआईए द्वारा पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़े गए नौमान इलाही का मकान कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा में स्थित है। यह नौमान का पुश्तैनी मकान बताया जा रहा है। 24 वर्षीय नौमान छह भाई-बहनों में सबसे छोटा है। अशरफ व जीशान उसके बड़े भाई है, जो अपने परिवार के साथ में दिल्ली में रह रहे है। नौमान की तीन बहनें जीनत, कुच्छों व जैनम है। नौमान को छोड़कर उसके सभी भाई-बहन शादीशुदा है, जिनमें से एक बहन जीनत की शादी पानीपत में हुई है। बताया जा रहा है कि सीआईए टीम द्वारा पकड़ा गया नौमान पिछले करीब चार माह से पानीपत में अपनी बहन के यहां रह रहा था, जिसके चलते कैराना स्थित उसके मकान पर ताला लटका हुआ है। इस मकान में नौमान अकेला रहता था। हालांकि मोहल्ले के लोग आरोपी युवक के बारे ज्यादा कुछ बताने के लिए तैयार नही है।

**माता-पिता की हो चुकी है मौत**

शुरूआती पूछताछ में नौमान ने पुलिस को बताया कि उसके पिता अहसान इलाही और माता कोसर बानो का लगभग पांच वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। उसकी बहन की शादी पानीपत में होने के कारण वह करीब चार महीने पहले पानीपत आया था। हालांकि, वह पाकिस्तानी आतंकियों के संपर्क में कब और कैसे आया, इस बारे में पुलिस अभी भी गहन पूछताछ कर रही है।

## मोबाइल से खुला आतंकी कनेक्शन

पुलिस ने जब नौमान इलाही के मोबाइल फोन की जांच की, तो उसमें पाकिस्तान में इकबाल नामक एक आतंकी के साथ संपर्क होने का पता चला। यह भी सामने आया कि नौमान इकबाल को भारत की सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारी भेज रहा था। हालांकि, पुलिस ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया है कि उसने किस प्रकार की और कितनी खुफिया जानकारी साझा की थी।

## सिक्योरिटी एजेंसी के जरिए मिली नौकरी

पुलिस की पूछताछ में नौमान ने बताया कि पानीपत की फैक्ट्री में नौकरी करने के दौरान ही वह उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के रहने वाले रजनीश तिवारी नामक एक व्यक्ति के संपर्क में आया था। रजनीश एक सिक्योरिटी एजेंसी चलाता है और उसी के माध्यम से नौमान को पानीपत के सेक्टर 29 स्थित एक कंबल फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी मिली थी।

## गिरफ्तारी के बाद चौकन्ना हुआ लोकल खुफिया विभाग

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
कैराना के युवक की पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पानीपत में हुई गिरफ्तारी के बाद स्थानीय खुफिया तंत्र भी सतर्क हो गया है। मामला देश की सुरक्षा से जुड़ा होने के कारण खुफिया विभाग के अधिकारी स्थानीय पुलिस व अपने सूत्रों के माध्यम से पकड़े गए युवक की कुंडली खंगालने में जुट गए है। लोकल इन्वेस्टिगेशन यूनिट(एलआईयू) व स्टेट इंटेलिजेंस ब्यूरो(एसआईबी) के लोग भी पकड़े गए युवक का डाटा इकट्ठा करने में लगे है। खुफिया तंत्र जानकारी जुटा रहा है कि आरोपी युवक कैराना में किन-किन लोगों के सम्पर्क में रहा है। इसके अलावा, उसके परिवार, रिश्तेदारों व मित्रों के बारे में भी जानकारी की जा रही है।

यह है पूरा मामला... हरियाणा राज्य के पानीपत जिले की क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी(सीआईए)-1 की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पानीपत के सेक्टर-13/17 क्षेत्र से एक पाकिस्तानी जासूस को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी विगत 13 मई को की गई है। आरोपी की पहचान नौमान इलाही (24) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, नौमान पाकिस्तान में मौजूद एक संदिग्ध आतंकी इकबाल के संपर्क में था और वह वॉट्सऐप व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भारत की संवेदनशील जानकारियाँ पाकिस्तान भेज रहा था।

**संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्तता के बाद हुई गिरफ्तारी**

पुलिस ने नौमान इलाही के मोबाइल नंबर से हो रही संदिग्ध गतिविधियों को ट्रैक करने के बाद उसे हिरासत में लिया। शुरूआती पूछताछ में यह सामने आया है कि नौमान इलाही कैराना का रहने वाला है और पानीपत में एक फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहा था। पानीपत पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस गिरफ्तारी की पुष्टि की है और बताया है कि उनकी क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी(सीआईए) की यूनिट-1 आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है।

## अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की मांग, उप जिलाधिकारी को दिया पत्र

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
कांधला। कस्बे के घसौली मार्ग पर रास्ते पर कब्जा कर अवैध निर्माण करने के मामले में आधा दर्जन लोगों ने उपजिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने एवं आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। बुधवार को उप जिलाधिकारी कैराना को आधा दर्जन लोगों ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि कस्बे से गाव इस्लामपुर घसौली जाने वाले 52 फुट रास्ते पर कई लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण करते हुए कब्जा कर निर्माण कार्य कर लिया है। पूर्व में भी पीड़ितों ने पुलिस से शिकायत कर अवैध निर्माण कार्य रुकवाया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को रुकवा दिया था और आरोपियों को चेतावनी दी थी। पुलिस की चेतावनी के बाद भी उक्त आरोपियों ने रात्रि के समय अवैध निर्माण करते हुए लेटर लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। इस दौरान सभी लोगों ने उप जिलाधिकारी से अवैध निर्माण को ध्वस्त करते हुए उक्त आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान शिकायत करने में बदरुजमा, विजयपाल सैनी, रविंद्र कुमार, साउदखान,रजाउला खान, बबलू अमित कुमार, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

कालाबाजारी | -सरकारी राशन की कालाबाजारी में सभासद सहित दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

# योगी सरकार में राशन की कालाबाजारी करने पर हुआ मुकदमा दर्ज, पुलिस में मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
कांधला। पूर्ति निरीक्षक के द्वारा नगर के राशन डीलर व एक अन्य के खिलाफ अभियोग पंजीकृत खाद्यान्न चोरी करने का अभियोग पंजीकृत कराया है।

पूर्ति निरीक्षक योगेश कुमार ने थाने में अभियोग पंजीकृत कराते हुए बताया कि गत दस मई को उनको फोन के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई नगर के अरूण गर्ग के घर पर सरकारी राशन रखा है। जिसके उपरांत जिला पूर्ति अधिकारी शामली के निदेर्शों के क्रम में पूर्ति निरीक्षक अरूण गर्ग नगर पालिका कांधला के मकान पर पहुंचा वहां सरकारी खाद्यान्न रखा मिला। अरूण गर्ग के मकान में रखा खाद्यान्न गेहूँ मात्रा 53.526 कु0 107 कट्टे व चावल 80.334 कु0 160 कट्टे रखे मिले जो प्रदीप कुमार राशन विक्रेता मौहल्ला रायजादगान को इस शर्त के साथ सुपुर्द किए गए कि उच्चाधिकारियों के अग्रिम आदेशाों तक उपर्युक्त खाद्यान्न को सुरक्षित रखेगें और इसके साथ ही अरूण गर्ग के मकान में मिले ई-पश मशीन व तौल कांटा राशन विक्रेता प्रदीप की सुपुर्दगी में दिया गया। उसके उपरांत अरूण गर्ग द्वारा अरूण गर्ग द्वारा यह बयान दिया गया कि यह खाद्यान्न मैसर्स सीता रानी के यहां सम्बन्ध है दुकान पर रखा खाद्यान्न सीता रानी का है। सीता रानी ने यह दुकान किराए पर ली हुई है। वह इस सम्बन्ध 7 अगस्त 2024 को नोटरी शपथ पत्र कराया गया था। इसके उपरांत मैं पूर्ति निरीक्षक कांधला सीता रानी उचित दर विक्रेता के पुत्र नीरज ने दुकान का निरीक्षण कराया। दुकान की चौहद्दी में 175 कट्टे चावल 87.5 कु0 व 115 कट्टे गेहू 57.5 मिला। दुकान की चौहद्दी में इस उपलब्ध स्टाक व ई-पश मशीन, कोटा व अन्य दस्तावेज अरविंद कुमार कंसल विक्रेता मौहल्ला सरावज्ञान को इस निर्देश के साथ दिया गया। उच्चाधिकारियों के मांगे जाने पर उपर्युक्त खाद्यान्न व अन्य दस्तावेज को यथावत प्रस्तुत करेगें। मौके पर अरूण गर्ग, सीता रानी के पुत्र नीरज न यह बताया कि हमारे द्वारा तत्कालीन पूर्ति निरीक्षक दीपा वर्मा को अतिरिक्त चौहद्दी के लिए तत्समय प्रार्थना पत्र दिया था। इसके उपरांत मेरे द्वारा तत्कालीन पूर्ति निरीक्षक दीपा वर्मा से दूरभाष पर वार्ता की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि मुझे इन लोगों द्वारा ना तो अतिरिक्त चौहद्दी के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था, और न ही इस विषय में मेरे द्वारा कोई आख्या जिला पूर्ति अधिकारी महोदय को प्रेषित की गयी थी। अरूण गर्ग की चौहद्दी में रखा गया खाद्यान्न बिना किसी स्वीकृत चौहद्दी के काला बाजारी के उद्देश्य से रखा गया है। इसके उपरांत विभागीय पोर्टल का अवलोकन किया गया जिससे अनुसार सीता रानी की दुकान एवं सम्बदध दुकान का कुल खादायान्न चौहद्दी में 106.615 कु0 गेहूँ व 160.255 कु0 चावल होना चाहिए था। परन्तु उनकी चौहद्दी में 57.5 कु0 गेहूँ व 87.5 कु0 चावल पाया गया। इस प्रकार सीता रानी की दुकान पर 49.415 कु0 गेहूँ व 75.755 कु0 चावल कम पाया गया। जिससे स्पष्ट है कि सीता रानी व अरूण गर्ग द्वारा कालीबाजारी में बेचने हेतु 53.526 कु0 गेहूँ व 80.334 कु0 चावल अरूण गर्ग के मकान में रखा गया। पूर्ति निरीक्षक की तहरीर के आधार पर दोनों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### राशन डीलर के साथ सभासद भी है अरुण गर्ग

कांधला। सरकारी राशन की कालाबाजारी के मामले में आरोपी राशन डीलर अरुण गर्ग नगर पालिका परिषद का सभासद भी है। उक्त सभासद पूर्व में भी कई मामलों में चचाओं में रह चुका है। सभासद के पुत्र का पूर्व में भी बंदूक के साथ फोटो वायरल हुआ था। और सभासद के घर पर कार्य करने वाली एक महिला ने सभासद व अन्य पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। सभासद अरुण गर्ग का विवादों से पुराना नाता है।

### खाकी वह खादी का संरक्षण है प्राप्त

कांधला। सरकारी राशन की कालाबाजारी में आरोपी राशन डीलर सभासद अरुण गर्ग का खाकी व खादी से गहरा नाता है। आरोपी राशन डीलर व सभासद अरुण गर्ग को खाकी व खादी का पुर्ण संरक्षण प्राप्त है। यही कारण है कि आज तक उक्त आरोपी पर कानून का शिकंजा नहीं कसा गया। आरोपी राशन डीलर हर बार बच जाता है। देखना होगा कि योगी सरकार में आरोपी राशन डीलर पर क्या कार्रवाई होती है।

# आज भी है श्रमिकों की बेटियों को सहायता राशि का इंतजार शुभ शक्ति योजना का अटका हुआ है भुगतान

एनपीटी ब्यूरो

खैरथल-तिजाराः शुभ शक्ति योजना के जरिए बेटी की शादी के लिए आर्थिक सहायता के लिए आवेदन करने वाले अभिभावक पिछले छह साल से भुगतान का इंतजार कर रहे हैं। विभाग की इस योजना को बंद किए जाने के चलते पिछले छह साल से जिले की बेटियों की शादी के लिए मिलने वाला रुपए का भुगतान अटका हुआ है। श्रम विभाग की इस योजना के जरिए बेटी की शादी के लिए 55 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मिलती थी।

विभागीय जानकारी के अनुसार सितंबर, 2018 में श्रम विभाग की शुभ शक्ति योजना को बंद कर दिया गया। वर्ष 2021 में इसका पोर्टल भी बंद कर दिया गया। जरूरतमंद लोगों ने अपनी बेटी की




शादी के लिए आर्थिक सहयोग पाने को लेकर आवेदन किए थे। बताया जा रहा है कि उनमें से अधिकतर किसी ना किसी वजह से निरस्त कर दिए गए।

आवेदन करने वाले विभाग के चक्कर लगाते रहे, पर उनको आर्थिक सहायता राशि नहीं मिली। अब तो स्थिति ये है कि लोगों ने विभाग के चक्कर लगाने भी छोड़ दिए। आवेदन करने वाले लोगों का कहना है कि अब सहायता राशि मिलने की उम्मीद टूटती जा रही है। कई लोगों ने कर्जा लेकर शादी की, लेकिन उनको ये सहायता राशि नही मिली उनकी परेशानी को समझा जा सकता है विभागीय सूत्रो के अनुसार सरकार की ओर से योजना का पैसा नही मिला इसके कारण भुगतान नही किया जा सका

जिला राजमिस्त्री यूनीयन एटक के अध्यक्ष धीरू भाई ने बताया शुभ शक्ति योजना में 2018 से योजना का लाभ श्रमिकों की बेटियो को नही मिला है जिले मे हजारो आवेदन पत्रों का कोई निमटारा नही नही किया जा रहा है सरकार को जिला कलेक्टर के मार्फत कई बार निवेदन किया जा चुका है

तहकीकात में जब हमने एक आवेदक के फार्म का स्टेट्स पोर्टल पर चैक किया तो लिखा था फीजिकल वेरिफिकेशन पैंडिग. श्रमिकों ने बातचीत मे बताया राजस्थान की सरकार महिला और बच्चीयों के लिए कई योजनाओ का प्रचार प्रसार करती है दूसरी ओर श्रमिकों की बेटियों को उनका हक नही दिया जा रहा है

# रात्रि चौपाल ग्राम पंचायत गोठड़ा में जिला कलक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

एनपीटी ब्यूरो

खैरथल-तिजारा, 14 मई। जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार पंचायत समिति तिजारा की ग्राम पंचायत गोठड़ा, राजकीय विद्यालय गोठड़ा में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्याएं जिला कलेक्टर के समक्ष रखी गई तथा समस्याओं का मौके पर निस्तारण हेतु संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। रात्रि चौपाल के दौरान कुल 35 परिवाद दर्ज किए गए।

इस दौरान पेयजल, अतिक्रमण, भूमि विवाद, नामांतरण, चारागाह भूमि पर अतिक्रमण, अवैध निर्माण कार्य, पेंशन, पुलिस, पट्टा, चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग के संबंध में सहित कुल 35 प्रकरण रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए गए जिसमें प्रकरणों के समाधान हेतु मौके पर अधिकारीयों को निर्देश प्रदान किए। उन्होंने आम रास्तों पर अतिक्रमण, भूमि पैमाइश के कारण आपसी विवाद, आवासीय क्षेत्रों में अतिक्रमण के मामलों में पुलिस सहायता लेकर समस्या का निस्तारण करने के सुनिश्चित करें।



जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा कि सभी अधिकारी प्राप्त होने वाले प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए की अधिकारी प्रकरणों को लेकर ना बैठे, अपने क्षेत्राधिकार में नहीं होने पर उच्च स्तर पर संपर्क कर निपटाएं, अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर परिवादी से व्यक्तिगत संपर्क करते हुए एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करें।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने ग्राम वासियों को गांव का पानी गांव में तथा खेत का पानी खेत में रखने एंव जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने आने वाली पीढ़ी को पानी की विकराल समस्या से बचने के लिए वर्तमान में सभी ग्रामीणों से घर-घर जल संरक्षण करने साथ ही बरसात के पानी को संरक्षित करने की अपील की। जिले में मुख्य पानी स्त्रोत भूमिगत जल है जो कि निश्चित है अतः इसका उपयोग हमें बिना व्यर्थ किए करना है ताकि आगे की पीढ़ी को पानी की समस्या से जूझना ना पड़े। उन्होंने सरकार द्वारा चलाए जा रही पीएम सूर्य घर योजना तथा जल शक्ति अभियान के बारे में ग्रामीणों को बात कर जागरूक किया तथा खेतों में डीएपी की जगह यूरिया और एसएसपी के मिश्रण का उपयोग करने के फायदे गिनाये।

रात्रि चौपाल के पश्चात जिला कलेक्टर ने रात्रि विश्राम राजकीय विद्यालय गोठड़ा में किया। जहाँ उन्होंने ग्रामीणों के साथ भोजन कर उनकी समस्याओं एवं उनके द्वारा किए जा रहे विकास कार्य के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि विभागों की योजनाओं के बारे में आमजन को अधिकतम जागरूक करें ताकि सरकार की मंशानुरूप अंतिम छोर तक व्यक्ति को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। इस दिशा में सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी अपने विभाग की योजनाओं और सेवाओं का समुचित प्रचार-प्रसार करें।

# इको क्लब आभावास ने सरकारी विद्यालय परिसर में स्काउट की मदद से लगाए पक्षियों के लिए परिंडे

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

सीकर आभावास।सेठ मांगीलाल चंपालाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आभावास में प्रधानाचार्य सुभाष चंद शर्मा की अध्यक्षता में इको कल्ब एवं स्काउट गाइड ने परिंडे बांधे।

उत्सव प्रभारी भगवान सहाय शर्मा ने बताया कि भीषण गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए बुधवार को विद्यालय परिसर में पेडों पर अनेक परिंड बांधे गए।इको क्लब प्रभारी एवं स्काउट प्रभारी सोहन शर्मा ने स्काउट गाइड की मदद से अनेक परिंडे तैयार कर अलग- अलग पेड़ों पर इन्हें बंधवाकर रोज भरने की जिम्मेदारी स्काउट्स को दी। स्काउट रोवर निक्की जांगिड एवं सुमित चावला का



सराहनीय सहयोग रहा।

वाइस प्रिंसिपल शंकर लाल माली एवं अध्यापक भंवरलाल जाट ने इको क्लब के इस पुनीत कार्य की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। मक्खन लाल, सुरेंद्र कुमार , भगवान सहाय एवं मंजू मीणा ने अपने उद्बोधन से बच्चों को प्रकृति संरक्षण एवं जीव मात्र के कल्याण के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर व्याख्याता श्रवण कुमार , मुकेश कुमार,मक्खन लाल, सुनीता यादव,अध्यापक भगवान सहाय , सोहन शर्मा, सुरेन्द्र कुमार, शीला चौधरी,शंकर लाल , बाबूलाल महला ,मंजू मीणा ,प्रेम देवी ,सीता यादव, सुनीता चौधरी, भंवरलाल , हरिशंकर भातरा, सीताराम , ताराचन्द सहित विद्यालय स्टाफ एवं विष्णु चावला वार्ड पंच, अर्जुन सिंह सहित ग्रामजन उपस्थित रहे।

# प्रहलाद पटेल कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास का जिले में आगमन 16 मई को !

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।

सिंगरौली ! प्रहलाद पटेल कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास का सिंगरौली जिले में आगमन 16 मई 2025 को होगा । जारी कार्यक्रम के तहत मंत्री पटेल जिले में विभिन्न कार्यक्रमों शिरकत करेंगे।

मंत्री पटेल सर्वप्रथम कंचन नदी उद्गम स्थल ग्राम पिड़ारवा, ग्राम पंचायत तेंदुहा कंचन उद्गम स्थल का निरीक्षण कर पूजा अर्चन, श्रमदान साफ सफाई के साथ साथ स्थानीय निवासियों से जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में संवाद भी करेंगे । तत्पश्चात ग्राम पंचायत गढ़हरा में जल संरचना का निरीक्षण एवं मेरी नदी मेरी वाटिका



समूह के सदस्यों एवं ग्रामीणों से संवाद करेंगे । कैबिनेट मंत्री उक्त कार्यक्रम के पश्चात राजमाता चुनकुमारी स्टेडियम में आयोजित पांच सरपंच सम्मेलन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। तथा आजीविका समूह के उत्पादों, स्टालों का अवलोकन भी करेंगे । मंत्री पटेल के भ्रमण कार्यक्रम का समय प्राप्त होते ही पृथक से जारी किया जाएगा।

# एनसीएल ने बीना परियोजना में अमृत फामेर्सी का किया शुभारंभ

सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्डस लिमिटेड (एनसीएल) ने बीना परियोजना में अमृत फामेर्सी का शुभारंभ किया। अमृत फामेर्सी का मुख्य उद्देश्य एनसीएल कर्मियों एवं स्थानीय



लोगों को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराना है।

शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक (बीना), राजकुमार सिंह, सीएमएस एनसीएल, डॉ. विवेक खरे, श्रमिक संघ प्रतिनिधि सीएमएस से अजय कुमार, बीएमएस से अरुण दुबे, एचएमएस से अशोक पांडे, सीएमओएआई से सर्वेश सिंह, अमृत फामेर्सी प्रतिनिधि, अशोक सिंह एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

एनसीएल द्वारा स्थापित अमृत फामेर्सी स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल है। अमृत फामेर्सी के माध्यम से स्थानीय क्षेत्र में लोगों को उच्च गुणवततापूर्ण दवाएं सस्ती दरों पर उपलब्ध होने से लाभ मिलेगा।

गौरतलब है कि अमृत फामेर्सी केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की एक पहल है, जिसके तहत इलाज के लिए सस्ती दवाइयां और विश्वसनीय इम्प्लांट मुहैया करवाए जाते हैं।

# युवा संगम रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 20 मई को

एनपीटी ब्यूरो

सिंगरौली। जिले के बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से म.प्र. शासन के निदेर्शानुसार ह्लयुवा संगम - रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेलाझ जिला प्रशासन, रोजगार कार्यालय, सूक्ष्म एवं लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग एव आई.टी.आई. सिंगरौली के संयुक्त रूप से दिनांक 20.05.2025 को सुबह 11.00 बजे से जिला रोजगार कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर, बैढन, सिंगरौली में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें ट्रायडेंट बुधनी,बैढन इंजिनियरिंग बलियरी,सीटी कार्स बैढन,द जेटलमैन शो रूम बैढन,आर सेटी,उत्कर्ष कौशल केंद्र,यशश्वी ग्रुप,आर्या वेंचर प्रा.लि. आदि कम्पनियां भाग ले रही हैं। इच्छुक आवेदक (महिला एवं पुरूष) उपस्थित होकर निम्न कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। रोजगार मेला का आयोजन सुबह 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर, बैढन, सिंगरौली में किया जाएगा। आवेदकों की योग्यता 05वीं से 12वीं, आई.टी.आई., डिप्लोमा, पॉलिटेक्निक, बी.टेक, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, एवं अन्य आयु सीमा 18 से 35 वर्ष रखी गई है। आवेदक आवश्यक दस्तावेज बायोडाटा,शैक्षणिक योग्यता प्राप्त प्रमाण पत्र एवं फोटोकॉपी अपने साथ जरूर लाएं ।अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर, सिंगरौली फोन नम्बर 07805-233248 संपर्क कर सकते हैं।

# सिंगरौली महोत्सव 2025 के लिए स्थानीय कलाकारों का मैत्री सभागार एनटीपीसी में ऑडिशन हुआ शुरू

एनपीटी ब्यूरो

सिंगरौली। 17 वे सिंगरौली महोत्सव का आगज 24 मई को होने जा रहा जिसका समापन 27 मई को नगर गौरव दिवस के साथ होगा। कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के निर्देशन में सिंगरौली महोत्सव की तैयारियां गठित समितियों द्वारा की जा रही हैं। महोत्सव के दौरान बालीवुड नाईट के तहत जहां सुप्रशिद्ध गायक अपने गाने पेशकर सिंगरौली वासियों का मन मोहेंगे वहीं देश के जाने माने कवि अपने कविता पाठ से सिंगरौली महोत्सव में चार चंद लगाएंगे। साथ ही जिले के स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया जायेगा।

सिंगरौली महोत्सव 2025 के लिए स्थानीय कलाकारों का मैत्री सभागार एनटीपीसी में प्रथम ऑडिशन राउंड का आयोजन हुई। जिसमें कई विधाओं के स्थानीय कलाकारों ने भाग लिया। जिसमें एकल गायन, समूह गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य, तबला वादन, कविता पाठन जैसी विधाओं की प्रस्तुतियां स्थानीय कलाकारों प्रदर्शित की गई। इस दौरान संस्कृत कमेटी द्वारा स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियों का ऑडिशन लिया गया।

# डीआरएम ने किया खैरथल रेल्वे स्टेशन का निरीक्षण

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों

खैरथल! डीआरएम विकास कुमार पुरवार आज दोपहर करीब डेढ़ बजे विशेष निरीक्षण ट्रेन से खैरथल पहुंचे। डीआरएम नै रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया। सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि दोनों प्लेटफॉर्म्स के टीन शेड देख लिए है। इनकी लंबाई बढ़नी चाहिए ताकि यात्रियों को गर्मी और बारिश में ट्रेन में बोर्डिंग करने में दिक्कत ना हो। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे।



वहीं ट्रेन स्टापेज के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम यात्रियों, परामर्शदात्री समितियों और विभिन्न संगठनों से मिले फिडबैक के आधार पर प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजते हैं, इसके बाद प्रस्ताव रेल्वे बोर्ड को भेजा जाता है। बोर्ड स्तर पर ही ट्रेन के स्टापेज का निर्णय लिया जाता है।

*रेल्वे स्टेशन पर सुरक्षा को लेकर जीआरपी / आरपीएफ की चौकी की कमी पर ध्यान दिलाने पर उन्होंने कहा कि खैरथल जिला मुख्यालय रेलवे स्टेशन का विकास हो रहा है तो निश्चित रूप से यहां सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए वो प्रस्ताव भिजवाएंगे ताकि यहां उचित सुरक्षा व्यवस्था हो सके। इसके अलावा उन्होंने कहा कि यहां यात्री सुविधाओं के लिए एक अच्छा वेटिंग रूम बनाया गया है जल्दी ही इसे यात्रियों के लिए खोला जाएगा तथा इसमें खानपान के लिए कैंटीन जैसी सुविधा भी देने पर विचार किया जा रहा है।

इस मौके पर भाजपा खैरथल और खैरथल विकास मंच के पदाधिकारीगणों ने डीआरएम का स्वागत किया। और रेल मंत्री के नाम डीआरएम को ज्ञापन देकर मंसूरी एक्सप्रेस का विस्तार उदयपुर तक करने एवंम उदयपुर -जयपुर इंटरसिटी का विस्तार देहरादून तक करने की मांग की बताया गया है कि इनके विस्तार से रेलवे को किसी अतिरिक्त रैक की जरूरत नही है और इनके विस्तार से रेलवे की आय बढ़ेगी और पांच राज्यों के लोगों को फायदा होगा इस दौरान मनोहरलाल परवाना,श्यामलाल शर्मा,किशनलाल शर्मा,किसान नेता टिल्लू शर्मा सहित खैरथल के अन्य लोग मौजूद रहे

# बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीना द्वारा स्कूलों की कराई गई जांच रंग लायी

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो बालाघाट(म0प्र0)

गत माह जिले की 10 स्कूलों में निर्धारित किताबों के अलावा अन्य पुस्तकों से अध्ययन कराने के लिए अभिभावकों पर अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें खरीदने का मामला सामने आया था। कलेक्टर मृणाल मीना ने इसकी विस्तृत जांच करने के आदेश के बाद ली गई अधिक राशि वापस कराने के लिए तहसीलदारों की टीम गठित की गई। बुधवार को आयोजित हुई टीएल बैठक में उन्होंने जांच के सम्बंध में समीक्षा की।

जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी कुमार उपाध्याय ने बताया कि जांच के बाद अब तक 221 अभिभावकों को 2 लाख 59 हजार 844 रुपये वापस कराए गए है। टीएल बैठक में कलेक्टर मृणाल मीना ने आपदा प्रबंधन में भारत शासन की गाइड लाइन के मुताबिक हर कार्य को व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए है। इसमें 12 सेवाओं के लिए विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही टीवी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए है कि फूड बास्केट के लिए जिला स्तर के अधिकारियों के अलावा ब्लॉक स्तर तक के अधिकारी फूड बास्केट डोनेट करने के लिए आगे आये। बैठक में ही कई अधिकारियों ने राशि डोनेट की। वहीं समीक्षा बैठक के दौरान पेंशन योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा पात्र नागरिकों को लाभ देने के लिए लाड़ली बहना और पीएम किसान सम्मान निधि के नागरिकों के लिए भी शिविर आयोजित कराने के संबंध में निर्देश दिए हैं। इसकी विस्तृत रूपरेखा बनाई जाएगी।



पाठशाला स्कूल बालाघाट ने की वापस की सबसे अधिक राशि

निर्धारित किताबों के अलावा अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें स्कूलों में प्रचलित कराने के मामलें में बड़ी संख्या में अभिभावकों को राशि वापस कराई गई है।

जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी कुमार उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि पाठशाला स्कूल बालाघाट द्वारा 60 छात्रों/अभिभावकों को 1 लाख 17 हजार रुपये की राशि वापस की गई है।

इसके अलावा जॉनसन किड्स स्कूल बूढ़ी ने 38 छात्रों को 50 हजार रुपये, सतपुड़ा वेली पब्लिक स्कूल ने 60 छात्रों को 44574 रुपये,ओजस स्कूल बालाघाट ने 40 विद्यार्थियों को 26 हजार रुपये, ग्रीन वेली पब्लिक स्कूल ने 13 विद्यार्थियों को 16 हजार और कटंगी में कटेडरा की ट्यूलिप स्कूल ने 10 छात्रों को 6270 रुपये अब तक वापस किये गए है। अभी भी इस सम्बंध में जांच जारी है।

कलेक्टर मृणाल मीना ने इस मामलें में निर्देश दिए है कि जो स्कूल राशि वापस नही कर रहें है, उन पर निर्धारित नियमानुसार 2 लाख रुपये तक जुमार्ना लगाया जाए।

कलेक्टर मृणाल मीना के 22 अप्रैल को दिए आदेशानुसार मप्र निजी विद्यालय (फीस तथा अन्य सम्बंधित विषयों का विनियम) अधिनियम-2017 की धारा-6 व 9 तथा अधिनियम 2020 के नियम 6 (1) (घ) के अनुसार छात्र या अभिभावकों को पुस्तकें एवं अन्य सामग्री केवल चयनित विक्रेताओं से क्रय करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। इसके बाद विस्तृत जांच प्रारम्भ हुई। जांच में आयी अनियमितता के बाद कलेक्टर मृणाल मीना के निदेर्शों पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। तीन दिनों के भीतर एनसीईआरटी द्वारा उपलब्ध कराई गई पुस्तकों के मूल्य को आधार मानकर पालकों व छात्रों से लिया गया अधिक मूल्य की राशि वापस करने का नोटिस जारी किये गए थे।

# कर्मियों के सेवा संहिता/ स्थापना से सम्बन्धित उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), रविन्द्र भवन टाउन हॉल में बुधवार को स्थापना से संबंधित एकदिवसीय उन्मुखीकरण सह- कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला जिला प्रशासन द्वारा आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया ।कार्यशाला का शुभारम्भ उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक आईटीडीए अरूण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, स्थापना उप समाहर्ता मनीष कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यशाला में शशि मिश्रा, सेवानिवृत्त प्रशासी पदाधिकारी, गुमला ने सभी लिपिकों को अनुक्रमणिका पंजी का संधारण, संचिका का संधारण, अभिलेख का संधारण, आवागमन पंजी, आगत/ निर्गत पंजियो का संधारण, प्रेषण, स्थानीय पत्राचार का निपटारा, रक्षी संचिका का संधारण, संचिकाओ का रख-रखाव, वेतनादि की निकासी एवं व्ययन प्रकिया, बजट निर्माण की




प्रकिया, प्रत्यार्पण की प्रक्रिया, उपयोगिता प्रमाण पत्र, विभागीय कार्यवाही, अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति, नाजीर रसीद, रोकड़ बही, विपत्र पंजी, आवंटन पंजी, कोषागार वाहक पंजी का संचालन प्रकिया, निविदा का निष्पादन, आकस्मिक अवकाश लेखा का संधारण, सरकारी पदाधिकारियों/ कर्मियों को छुट्टी लेखा व स्वीकृति की प्रकिया एवं गणना, सेवापुस्त का संधारण, हिन्दी टिप्पण एवं प्रारुपण परीक्षा/विभागीय परीक्षा उत्तीर्णता की अनिवार्यता, सेवा पुस्तिका में वार्षिक वेतन वृद्धि दर्ज किये जाने की प्रकिया, लिपिक/ राजस्व उपनिरीक्षक एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी का सेवा संपुष्टि हेतु अनिवार्यता, लिपिक/ राजस्व उपनिरीक्षक एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी का वित्तीय उन्नयन यथा प्रथम, द्वितीय, तृतीय एसीपी/ एमएसीपी की स्वीकृति हेतु वांछित अर्हता, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, माननीय उच्च न्यायालय में प्रतिशपथ पत्र दायर किया जाना एवं पेंशन, स्थापना संबंधी सभी तरह के संदेह निवारण पर परिचर्चा की गई। उपायुक्त मनीष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य कमियों में सुधार करना है। उन्होंने बताया कि एक लिपिकीय भूल से बहुत कुछ बदल जाता है। इसलिए आप सभी कर्मियों को कार्य में सतर्कता बरतनी है। उपायुक्त ने कहा कि जिस दिन से मैं पाकुड़ जिले का पदभार ग्रहण किया हूं उस दिन से ही स्थापना, अनुकम्पा नियुक्ति, एमएसीपी आदि कार्यों को लंबित नहीं रखा, सभी कार्यों को ससमय निष्पादन किया है। सर्विस बुक अद्यतन करने हेतु एक महीने का समय लिपिकों को दिया गया। इन कार्यों में सुगमता लाने हेतु जिला में एक पोर्टल बनाया जा रहा है जिसमें सर्विस बुक के चेकलिस्ट को अपलोड किया जाएगा। उपायुक्त ने लिपिकों से कहा कि नियमों को ताक पर रखकर कोई हस्ताक्षर न करें। साथ ही फाईल को दबाकर नहीं रखने एवं बेकडेट से फाईल न बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। एक महीने बाद सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा तथा सभी तरह के फाईलों की जांच की जाएगी। पुराने लिपिकों से नए लिपिकों को सीखने की जरूरत पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि लिपिक वर्ग जिला प्रशासन की रीढ़ है। पुलिस अधीक्षक ने विधानसभा आम चुनाव 2024 में लिपिकों के बेहतर कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में आप सभी आज जितना कुछ सीखना है सीख लिजिए जिसमें संदेह लगे तो विशेषज्ञों से सवाल-जवाब अवसर न जाने दे। अंत में बेहतर कार्य करने वाले लिपिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# राज्य के बच्चे हर क्षेत्र में आगे बढ़े, इसके लिए चल रही है कई योजनाएं- हेमन्त सोरेन

एनपीटी ,



रांची, सीएम हेमन्त सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में यूनिसेफ की भारत मे प्रतिनिधि सिन्थिया मेककेफरी ने बुधवार को शिष्टाचार भेंट किया। इस अवसर पर उन्होंने झारखण्ड में बच्चों के समग्र विकास के लिए यूनिसेफ द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यों एवं गतिविधियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। उन्होंने बाल अधिकारों के संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य और उनके व्यक्तित्व के विकास के लिए बेहतर माहौल बनाने हेतु राज्य सरकार के संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने यूनिसेफ के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे राज्य के बच्चे हर क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ें, इसके लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। जब तक बच्चे स्वस्थ और सुरक्षित नहीं रहेंगे, तब तक उनके विकास की बात नहीं हो सकती है। यही वजह है कि हमारी सरकार बच्चों में कुपोषण और कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, कि बच्चों के समग्र विकास के लिए यूनिसेफ को सरकार की ओर से पूरा सहयोग मिलेगा। सभी के सहयोग से इस राज्य के बच्चों को बेहतर जीवन देने का प्रयास किया जाएगा।इस मौके पर यूनिसेफ, झारखंड की प्रमुख श्रीमती कननिका मित्रा और कम्युनिकेशन स्पेशलिस्ट श्रीमती आस्था अलंग भी मौजूद थी।

# विधायक ने किया उच्चस्तरीय ब्रिज का उद्घाटन, क्षेत्रवासी हुए खुश

**एनपीटी ब्यूरो,**



पाकुड़ (झा०खं०) पाकुड़ जिले के पाकुड़िया प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत बालीडीह से खजूरडंगाल के बीच नाला पर मातकोम घाट पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल पाकुड़ द्वारा बनाये गये पुल/ ब्रिज का उद्घाटन महेशपुर विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी ने किया। इस अवसर पर आयोजित उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी ने कहा कि इस पुल के बनने से पाकुड़िया प्रखण्ड के दर्जनों गांव प्रखण्ड मुख्यालय से जुड़ गये हैं। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों की चिर प्रतिक्षित मांग पूरी हुई है। पूर्व मे यहां के लोग बरसात के दिनों मे अनेक दूर से घूम कर आना जाना करते थे। परन्तु इस पुल के बन जाने से आज निश्चित तौर पर इन गांवों का समुचित विकास हो सम्भव हो पायेगा। उन्होंने आम लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनता ने जो भरोसा उन पर जताया है, उस पर वे खरा उतरने का हर सम्भव प्रयास कर रहे हैं और भविष्य में भी करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में समस्याएं बहुत हैं। परन्तु उन समस्याओं का एक-एक कर प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जा रहा है। कार्यक्रम को मुखिया और ग्राम प्रधान ने भी सम्बोधित किया और विधायक के कार्यों की सराहना की। मौके पर प्रखण्ड सचिव मैनुद्दीन अंसारी, अशोक भगत, मुनीराम मरांडी , मुसुच मुखिया, शिबलाल टुडू, लक्ष्मण भगत,फिरोज, बोकारो, मोसे सहित अनेक पार्टी कार्यकर्त्ता, ग्रामीण एवं विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बीसीसीएल एरिया-4 में आउटसोर्सिंग कम्पानी पर लापरवाही से जमीन धंसने का लगाया आरोप, ग्रामीणों में दहशत

**एनपीटी ब्यूरो,**

धनबाद (झा०खं०), धनबाद जिले के कतरास क्षेत्र में बीसीसीएल एरिया-4 अन्तर्गत संचालित आउटसोर्सिंग कम्पानी के द्वारा की जा रही भारी ब्लास्टिंग के चलते रविवार अहले सुबह कुम्हार पटी क्षेत्र में जोरदार भू- धंसान हुआ, जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लगातार चार वर्षों से वे इस समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा उनकी शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार आश्वासन के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। घटना की सूचना मिलते ही



बीसीसीएल एरिया-4 के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रबंधन ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि भू-धंसान क्षेत्र से मालवा हटाया जाएगा और उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई की जायेगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। बुधवार को भी दर्जन महिलाओं ने एक स्वर में कहा धनबाद के उपयुक्त महोदया हमें बचाओ और कहीं अच्छे जगह में बसाओ वरना हम यहां कभी भी जमीन डोज हो सकते है। बताया जा रहा है कि 164 घरों के 700 आबादी क्षेत्र के लोगों में त्राहिमाम का आलम, ग्रामीणों ने कहा कि डीसी महोदय मरने से बचा लीजिए।

# सिंचाई कूप निर्माण में बरती गयी है घोर अनियमितता



**एनपीटी ब्यूरो**

साहेबगंज जिले के बरहरवा प्रखण्ड के पथरिया पंचायत इन दिनों चर्चा का केन्द्र बना हुआ है। चर्चा किसी कल्याणकारी योजनाओं भलाई या अच्छाई की नहीं है अपितु भ्रष्टाचार से सम्बन्धित है।बताते चलें की पथरिया पंचायत में भवेस साह की जमीन पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में बिरसा सिंचाई कूप निर्माण कराया गया है।लेकिन इस सिंचाई कूप में धंसने रहे हैं दरार पड़ रहे सही ढंग से काम ना होने के कारण। जगह जगह पर फटने लगा है। कुछ टूट कर गिर भी गया ऐसा प्रतीत होता है जैसे योजना के नाम पर खानापूर्ति की गई हो। योजनाओं को जैसे तैसे पूरा कर सरकारी राशि की निकासी कर बंदरबांट किया गया है।संबंधित कर्मियों को जनता के हितों का ध्यान नहीं अपितु सिर्फ उन्हें अपनी जेबें गर्म करनी है।भ्रष्टाचार के इस खुले खेल में ना तो संबंधित अधिकारियों का ध्यान है और ना ही जनप्रतिनिधियों का जिसका फायदा मुखिया, पंचायत सचिव तथा रोजगार सेवक,विचौलिया जैसे कर्मी उठाते हैं,तथा जनता को ठगने का काम करते है।यही क्रम चलता रहा तो बरहरवा प्रखंड का नाम विकास में नहीं अपितु भ्रष्टाचार में सबसे उपर आएगा।योजनाओं की स्वीकृति से लेकर क्रियान्वन तथा उसके पूरे होने तक इसकी मॉनीटरिंग की जवाब देही संबंधित अधिकारी की होती है।लेकिन यदि इस योजना में गड़बड़ी हुई तो कहीं ना कहीं इसके लिए संबंधित अधिकारी भी उतना ही दोषी है।मनरेगा कार्यो में ऐसा भ्रष्टाचार कहीं ना कहीं जांच का विषय है।यदि इस पर उचित तरीके से जांच की जाए तो भ्रष्टाचार की कई परतों का खुलासा हो सकता है।साथ ही साथ जनता के हक तथा अधिकारों से वंचित करने वाले ऐसे कर्मी तथा बिचौलियों को एक सबक मिल सकता है।

# उपायुक्त ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक, दिया निर्देश

**एनपीटी ब्यूरो**

साहेबगंज (झा०खं०), उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पशुपालन, भूमि संरक्षण, आत्मा (मिट्टी जांच), लघु सिंचाई, उद्यान, कृषि विकास, जलछाजन, मत्स्य, सहकारिता, JSLPS, NABARD, RSETI एवं गव्य विकास विभाग शामिल थे। बैठक में उपायुक्त ने विभागवार प्राप्त लक्ष्यों की जानकारी ली और लाभुकों का चयन शीघ्र करने का निर्देश दिया, ताकि समय पर




योजनाओं का लाभ दिया जा सके। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि चयनित लाभुकों को विरसा हरित ग्राम योजना से जोड़ा जाए, जिससे समग्र ग्रामीण विकास सुनिश्चित हो। भूमि संरक्षण विभाग को निर्देश दिया गया कि उनके द्वारा निर्मित तालाबों एवं पकुर्लेशन टैंकों के चारों ओर दलहन के पौधे लगाए जाएं, जिससे पर्यावरण संतुलन के साथ कृषि में भी लाभ हो।

बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, पशुपालन पदाधिकारी दिनेश कुमार सिंह, मत्स्य पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार विन्हा, उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन एवं भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक के प्रयास से गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों मे खुशी

**एनपीटी ब्यूरो**



लातेहार (झा०खं०), लातेहार जिला अंतर्गत बारियातू प्रखंड क्षेत्र के फुलसु ग्राम में लातेहार के विधायक प्रकाश राम के प्रयास से गांव में नया 100 केवीए का ट्रांसफार्मर बुधवार को लगाया गया । मौके पर जानकारी देते हुए भाजपा नेता मोहम्मद जुनैद ने बताया कि गांव में पिछले एक माह से ट्रांसफार्मर खराब था ।जिस कारण लोग अंधेरे में रहने को विवश थे ।वही इस भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिसके बाद लोगों ने इसकी शिकायत लातेहार के विधायक प्रकाश राम से किया था ।जिसके बाद विधायक ने लातेहार बिजली विभाग के एसडीओ से इस संबंध में बात किया और गांव में 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया ।वहीं विधायक द्वारा इस कार्य को लेकर गांव के मो. शमीम अख्तर मोहम्मद शफीक समेत कई गांव के लोगों ने बधाई दिया है।

## डीसी ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा उपरांत अधिकारियों को दिया जरुरी निर्देश

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), उपायुक्त मनीष कुमार ने बुधवार को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा किया। बैठक में वर्ष 2025 तक टीबी को खत्म करने के लक्ष्य को प्राप्त करने पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी गांव में इसके लक्षण तथा बचने के उपाय का प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिला में टीबी को वर्ष 2025 में ही जड़मूल से खत्म करने के लिए अथक प्रयास करने की आवश्यकता है जिसके लिए सरकार व जिला प्रशासन द्वारा पीड़ित को हरसंभव मदद की जा रही है। उपायुक्त ने सभी टीबी मरीजों का महीनावार उपचार का डाटा का मांग किया। उनके द्वारा निर्देश दिया गया कि जो भी ऑन ट्रीटमेंट मरीज हैं उनका एरिया चिन्हित कर सूची बनाया जाए। पिछले वर्ष के टीवी मरीजों का पॉजिटिविटी रिपोर्ट तैयार किया जाए। पिछले 5 वर्षों में टीवी मरीज किस-किस क्षेत्र से आए हैं उनका एरिया को चिन्हित किया जाए। टीवी मरीजों का किस-किस महीने का डीबीटी भुगतान हुआ है महीनावार सूची बनाया जाए। साथ ही सभी टीबी मरीजों का शत प्रतिशत डीबीटी के माध्यम से भुगतान करना सुनिश्चित किया जाय।

निगरानी | अफीम व अन्य नशीले पदार्थों की खेती व भंडारण पर

# रखी जा रही है कड़ी निगरानी- डीसी

**एनपीटी ब्यूरो**

लातेहार (झा०खं०), जिला प्रशासन द्वारा नशे के विरुद्ध चलाया जा रहा विशेष अभियान अब केवल प्रशासनिक कार्रवाई तक सीमित न रहकर एक सामाजिक आंदोलन का रूप ले चुका है। अफीम और अन्य मादक पदार्थों के खिलाफ इस मुहिम को जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है, जिससे यह अभियान और भी प्रभावशाली हो उठा है। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने इस मुहिम को ह्लजन-जन की जिम्मेदारीह्व बताते हुए कहा कि नशा केवल युवाओं का भविष्य ही नहीं छीनता, बल्कि सामाजिक संरचना को भी गहरे स्तर पर प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि अफीम व अन्य नशीले पदार्थों की खेती, भंडारण और अवैध कारोबार पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है तथा दोषियों के




विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन के अनुसार पुलिस, उत्पाद एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से अब तक कई गांवों में छापेमारी की गई है, जहां संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई गई है। कार्रवाई के तहत अब तक 10 लोगों की गिरफ्तारी भी की जा चुकी है। नशे के विरुद्ध जनजागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों, पंचायत भवनों व सामुदायिक केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में युवाओं को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी जा रही है और उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उपायुक्त ने अभिभावकों, शिक्षकों और समाज के सभी जिम्मेदार नागरिकों से अपील की है कि वे बच्चों की गतिविधियों पर निगरानी रखें और किसी भी संदिग्ध जानकारी को तुरंत प्रशासन को सूचित करे।

# जिला न्यायाधीश अशीष गर्ग की अध्यक्षता में निर्वाचित कार्यकारिणी ने राज्य ग्रहण समारोह का आयोजन

एनपीटी ब्यूरो

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जनसुनवाई की। जिलाधिकारी महोदय ने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों को पढ़ते हुए प्रार्थियों से उक्त प्रकरण के बारे में अवगत हुए। उन्होने प्रार्थियों को आवश्वस्त किया कि शिकायतों का समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा कुछ मामलों का सम्बंधित से वार्ता



कर मौके पर ही पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारित करा दिया गया। शेष शिकायतों को सम्बंधित अधिकारी को निराकरण हेतु भेजते हुए, शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता एवं समयान्तराल में निस्तारण के लिए निर्देशित किया। जन सुनवाई के दौरान पुलिस विभाग, जीडीए, नगर निगम, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, बैंक, पेंशन, घरेलू झगड़ें से सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होने के पश्चात शिकायतकताओं से फीडबैक लेना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान डे ऑफिसर एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट भी उपस्थिति रहे।

# सीबीएसई बोर्ड 12वीं में खुशी श्रीवास्तव ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पाया दूसरा स्थान

एनपीटी ब्यूरो

गाजियाबाद। प्रताप विहार स्थित लीलावती पब्लिक स्कूल 12वीं विज्ञान वर्ग की छात्रा खुशी श्रीवास्तव ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विज्ञान वर्ग में खुशी श्रीवास्तव ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। विज्ञान वर्ग में रिहाशु ने अपने विद्यालय में 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम एवं खुशी श्रीवास्तव ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा



स्थान प्राप्त किया। जबकि यश कुमार ने 88.2 प्रतिशत अंको से तीसरा स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य वर्ग से हंसिका बिष्ट 92% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, दीपाली राजपूत 85.8% दूसरे स्थान पर और गुनगुन सिंह 85.6% अंको से तीसरे स्थान पर रहे। कला वर्ग में लक्ष्य चंदोलिया 82% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहा। विद्यालय में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधक इंदु बाला बग्गा, अमित बग्गा, प्राची बग्गा तथा प्रधानाचार्या सपना गुप्ता व शिक्षकों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। खुशी श्रीवास्तव के पिता अनुज कुमार श्रीवास्तव व समाजसेवी मां निभा श्रीवास्तव ने खुशी की इस सफलता का श्रेय उसकी कड़ी मेहनत, प्रबंधकों व शिक्षकों को दिया है।

# सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में मातृ दिवस का भव्य आयोजन

एनपीटी ब्यूरो

**गाजियाबाद।** सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में आज मातृ दिवस का बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और उनकी माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए मनमोहक गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों से हुई, जिन्होंने अपनी माताओं के प्रति अपने प्यार और सम्मान को व्यक्त किया। छात्रों के भावपूर्ण अभिनय ने सभी को भावुक कर दिया।

इस अवसर पर, विद्यालय ने माताओं के लिए विशेष रूप से टैलेंट हंट और फ्लेमलेस कुकिंग प्रतियोगिताओं का




आयोजन किया। माताओं ने इन प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिसने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। ₹टैलेंट हंटर₹ में माताओं ने गायन, नृत्य और अन्य कलाओं का प्रदर्शन किया, वहीं फ्लेमलेस कुकिंग प्रतियोगिता में उन्होंने बिना आग के स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन बनाकर अपनी पाक कला का परिचय दिया।

विद्यालय के प्रिंसिपल श्रीमती सपना अहलावत ने सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दीं और उनके त्याग, समर्पण और अटूट प्रेम के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि माताएं हमारे जीवन का आधार हैं और उनका सम्मान करना प्रत्येक बच्चे का कर्तव्य है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओं ने इस आयोजन की सराहना की और विद्यालय प्रबंधन को इस यादगार दिन के लिए धन्यवाद दिया। यह दिन सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल के छात्रों और उनकी माताओं के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में फिर शुरू हुआ धरना प्रदर्शन



एनपीटी ब्यूरो

दिल्ली यूनिवर्सिटी एंड कॉलेज कर्मचारी यूनियन ने अपना पूर्व निर्धारित धरना प्रदर्शन यूनिवर्सिटी के गेट न 4 पर अपनी मांगो के समर्थन में दिया।जिसमे यूनिवर्सिटी एवम कॉलेजों में कार्यरत हजारों कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।धरने को यूनियन पदाधिकारियों श्री देवेंद्र शर्मा जी,धर्मेंद्र,अशोक अत्रि,अनिता शर्मा,राजेश कुमार,वीरेंद्र सिंह पाला,अवधेश कुमार आदि ने संबोधित किया।धरने को संबोधित करते हुए यूनियन के प्रधान श्री देवेंद्र शर्मा ने बताया कि अभी तक कुलसचिव ओर कुलपति के ऑफिस से कोई वार्ता नहीं हुई है।अभी हमारा धरना कल भी चलेगा अगर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कल तक हमारी मांगो का कोई उचित समाधान नहीं निकाला तो यूनियन धरने को आगे बढ़ा देगी।

# जिला न्यायाधीश अशीष गर्ग की अध्यक्षता में निर्वाचित कार्यकारिणी ने राज्य ग्रहण समारोह का आयोजन

एनपीटी ब्यूरो

अधिवक्तागण बार एसोसिएशन गाजियाबाद 17 मई दिन शनिवार को अपरान्ह 3 बजे न्यायालय परिसर गाजियाबाद में जनपद न्यायाधीश अशीष गर्ग की अध्यक्षता में निर्वाचित कार्यकारिणी ने राज्य ग्रहण समारोह का आयोजन कर रही है, जिसमे जिलाधिकारी पुलिस आयुक्त, नगर आयुक्त, उपाध्यक्ष गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय एवं पीठासीन अधिकारी एम०ए०सी०टी० विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगेंदीपक शर्मा अध्याक्ष बार एसोसिएशन गाजियाबाद अमित कुमार नेहरा सचिव सभी अधिवक्ताओ से अनुरोध किया जाता है कि समय पर उपस्थित होकर समारोह की शोभा बढाये।

# मझोला मंडी समिति के अल्टीमेटम के बाद लामबंद हुये व्यापारी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,** मुरादाबाद । मंडी समिति प्रशासन द्वारा अवैध कब्जों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कल से तीन दिन के लिए मंडी परिसर में अभियान चलाया जाना है जिसको लेकर बुधवार को मंडी परिसर में ऐलान कराया गया है जिसके बाद से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। मंडी प्रशासन के खिलाफ सभी व्यापारियों ने भारी संख्या में इक्ट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन करना शुरू दिया गुरुवार से मण्डल भर की मंडी समिति में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाना का ऐलान कर डाला हैं।

बीते तीन महीने से समय समय पर मंडी प्रशासन द्वारा परिसर में दुकानदारों के द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर ध्वस्त करने का कार्य किया जा रहा है इसी बीच जिला प्रशासन और मंडी प्रशासन को कई बार व्यापारियों और भाजपा शहर विधायक तक के विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा है। बुधवार को फिर से मंडी प्रशासन द्वारा पूरे परिसर में व्यापारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को खुद से हटाए जाने को लेकर ऐलान कराया गया था। इसके बाद सभी व्यापारियों में हड़कंप मच गया ओर आक्रोशित होते हुए सभी व्यापारियों ने मंडी प्रशासन के खिलाफ हाय हाय के नारे लगाते हुए दुकानें बंद कर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया।

**क्या कहना है व्यापारियों का**

व्यापारी गौरव शर्मा का कहना है मंडी प्रशासन द्वारा 600 लाइसेंस जारी कर रखे हैं मगर प्रशासन ने 258 दुकानें ही एलॉटमेंट कर रखी है। व्यापारी हरिओम गुप्ता का कहना है पूरे प्रदेश में 302 मंडियों में मुरादाबाद मंडी परिसर की हालत सबसे खराब है। मुरादाबाद क्षेत्र में जितनी भी मंडिया आ रही मकबरा मंडी, गुलाब बाड़ी मंडी, चक्कर की मिलक मंडी हो सभी को कल से बंद करवाया जाएगा। गुरुवार से जनपद भर में कही भी सब्जियों की बिक्री नहीं होने देंगे। किसी कीमत पर जनपद में सब्जियां नहीं मिलेंगी

शहर विधायक रितेश गुप्ता को विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा- बीते तीन महीने से समय समय पर मंडी प्रशासन द्वारा परिसर में दुकानदारों के द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर अतिक्रमण ध्वस्त करने का कार्य किया जा रहा है। इसी बीच जिला प्रशासन और मंडी प्रशासन को कई बार व्यापारियों और भाजपा शहर विधायक तक के विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा है। बुधवार को फिर से मंडी प्रशासन द्वारा पूरे परिसर में व्यापारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को खुद से हटाए जाने को लेकर ऐलान कराया गया था। इसके बाद सभी व्यापारियों में हड़कंप मच गया ओर आक्रोशित होते हुए सभी व्यापारियों ने मंडी प्रशासन के खिलाफ हाय हाय के नारे लगाते हुए दुकानें बंद कर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया।

## 20 मई तक वितरित होगा माह मई का खाद्यान्न

बहराइ। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह मई 2025 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 09 से 20 मई 2025 तक ही किया जायेगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि पूर्व में निर्धारित तिथि के अनुसार खाद्यान्न का वितरण 25 मई 2025 तक किया जाना था परन्तु अपरिहार्य कारणों से वितरण तिथि में संशोधन हो गया है। डीएसओ ने बताया कि संशोधित रोस्टर के अनुसार 09 मई से 20 मई 2025 तक अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। वितरण की अन्तिम तिथि 20 मई 2025 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा।

# वृंदावन में जन समस्याओं का नगर आयुक्त ने किया निस्तारण

मथुरा। वृंदावन। जन शिकायतों पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही किए जाने के लिए उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री की पहल पर प्रत्येक मंगलवार को शुरू किए गए संभवह्व संतुष्टि एवं समृद्धि के अंतर्गत जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के क्रम में मंगलवार को नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा वृंदावन जोन कार्यालय में प्रातः 10 बजे से जनसुनवाई की गयी वही भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में अनिल कुमार अपर नगर आयुक्त द्वारा जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। जनसुनवाई में नगर आयुक्त द्वारा सभी



शिकायत कताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम मथुरा-वृन्दावन में कुल 14 शिकायत प्राप्त हुयी जिनमें से 8 शिकायतों का निस्तारण टीम को भेजकर तत्काल करा दिया गया शेष लंबित 6 शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दर्ज शिकायतो का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत हो जाना चाहिए । जनसुनवाई में अपर नगर आयुक्त चंद्र प्रकाश पाठक राकेश कुमार त्यागी सहायक नगर आयुक्त श्रीमती कल्पना सिंह चौहान अनुज कौशिक अमरेन्द्र गौतम प्रभारी मुख्य अभियंता, मौ. अनवर ख्वाजा महाप्रबंधक जल एवं डा. गोपाल गर्ग नगर स्वास्थ्य राम कैलाश अधिशासी अभियंता जल आदि अधिकारी उपस्थित रहे ।

## पंजाब में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों के जिम्मेदारों को फांसी दी जाए: सुशील खन्ना



अमृतसर। गुरूओं की नगरी अमृतसर पंजाब के मजीठा में जहरीली शराब पीने से 23 लोगों की मौत और 10 लोगों की हालत गम्भीर बनी हुई है। नशामुक्ति जागरूकता अभियान के संस्थापक सुशील खन्ना ने प्रेस को जारी ब्यान में जहरीली शराब से 23 लोगों की मौत के जिम्मेदारों को फांसी देने की मांग की है, देश में जहरीली शराब बेचने वालों और उनसे हुई मौतों पर देश के राज्यों में अलग अलग कानून हैं। भारतवर्ष में एक कानून बनाया जाना चाहिए। इसमें कोई भी बड़ी मछली नहीं बचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना प्रशासन की मिली भगत से इतना बड़ा कांड हो ही नहीं सकता।

नशामुक्ति जागरूकता अभियान के मार्गदर्शक माननीय देवेन्द्र भगत, उत्तर भारत के संयोजक भाई नरेश कुमार ने बताया कि वह भी शीघ्र अमृतसर पंजाब मजीठा का दौरा करेंगे और प्रभावित लोगों के दुख में शरीक होंगे। नशामुक्ति जागरूकता अभियान पंजाब के प्रभारी संजीव कुमार वर्मा अपनी टीम के साथ कल मजीठा के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे और विस्तृत रिपोर्ट पेश करेंगे, जिस पर नशामुक्ति जागरूकता अभियान के राष्ट्रीय नेताओं से प्रखर विचार करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 1.10 करोड़ रुपए वीकेंड कलेक्शन के साथ आमार बॉस ने बंगाली सिनेमा में 2025 की सबसे बड़ी ओपनिंग की दर्ज

एनपीटी

मुंबई, मई 2025: 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई आमार बॉस ने दर्शकों के दिलों को छू लिया है और 2025 की सबसे बड़ी बंगाली ओपनर बनकर उभरी है। महज तीन दिनों में फिल्म ने ?1.10 करोड़ रुपए की शानदार कमाई की है, जो बंगाली सिनेमा के लिए इस साल की अब तक की सबसे ज्यादा वीकेंड ग्रॉसर फिल्म है, जो कि नॉन-हॉलिडे रिलीज के लिए एक शानदार उपलब्धि है। राखी गुलजार की शानदार वापसी और शिबोप्रसाद मुखर्जी के दिल को छू लेने वाले अभिनय की बदौलत इस फिल्म को



अपार प्यार और लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली है, जिसकी वजह से सिनेमाघरों में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी है। यह उपलब्धि ऐसे समय में देखी गई है, जब भारत-पाकिस्तान के बीच संवेदनशील तनाव को देखते हुए प्रोडक्शन हाउस थिएटर रिलीज के बजाय ओटीटी को चुन रहे हैं और मनोरंजन उद्योग जटिल बदलावों का सामना कर रहा है। निर्देशक नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी ने एक संयुक्त बयान में कहा, "हर कहानी उसका सही मंच खोज लेती है। आमार बॉस जैसी फि ल्में हँसी, आँसू और थिएटर की गर्मजोशी से सफल कहलाती हैं। हम बहुत आभारी हैं कि दर्शकों ने इस सफर को बड़े पर्दे पर अपनाने का फैसला किया। आमार बॉस सिर्फ. बॉक्स ऑफि स पर सफल फि ल्म नहीं है, यह कहानी कहने का जश्न है जो दिलों को छूती है और सिनेमा की शक्ति की पुष्टि करती है।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।